* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

21 अगस्त, 2022
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 07, अंक 301

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


जोमैटो एड में ऋतिक की महाकाल थाली पर बवाल: मंदिर के पुजारी बोले- माफी मांगें



सत्ता पक्ष के विधायक दल की बैठक, हेमंत ने कहा

## सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचायें



विधायक दल की बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, चंपई सोरेन, बादल और सत्यानंद भोक्ता।

- सुखाड़ समेत अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा, विधायकों के लिए जारी होगा एक फोन नंबर
- नेतृत्व पर सभी ने जताया विश्वास

### हमारी सरकार जन आकांक्षाओं की: सीएम

मुख्यमंत्री ने विधायकों द्वारा उठाये गये सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार किया। उन्होंने जनहित के मुद्दों पर पूर्ण रूप से राज्य सरकार द्वारा सहयोग किये जाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन आकांक्षाओं की सरकार है। बिना कोई भेदभाव के राज्य के सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के लिए मिलजुल कर काम करना है। राज्य में विकास की गति को तेज करने के उद्देश्य से सरकार की हर योजना को गांव-गांव, घर-घर तथा विकास की बाट जोह रहे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों की समस्या दूर करने के लिए एक नंबर जारी किया जा रहा है। उस नंबर पर राज्य के सभी विधायक अपनी शिकायत फोन कर या फिर व्हाट्सएप के माध्यम से बता सकेंगे। उन शिकायतों का समाधान 12 घंटे के भीतर किया जा सकेगा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कांके रोड रांची स्थित उनके आवास में शनिवार को सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। इसमें झामुमो, कांग्रेस और राजद के मंत्री और विधायक शामिल हुए। यह बैठक को कई मायनों में अहम रही। राज्य के विकास, सुखाड़ समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ मौजूदा राजनीतिक हालत पर भी बैठक में चर्चा हुई। विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराने के साथ-साथ सुखाड़ के बारे में भी बताया। सूत्रों के मुताबिक बैठक में राज्य में चल रहे सियासी हलचल को लेकर भी चर्चा हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा की ओर से अभी ब्रेन गेम का उपयोग किया जा रहा है। इसे हम सभी लोगों को समझना होगा। जीएसटी के तीन हजार करोड़ रुपये केंद्र की ओर से अभी तक नहीं मिले हैं। पैसे नहीं मिलने से कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बैठक में लोबिन हेंब्रम ने सीएम का ध्यान जमीन लूट की तरफ दिलाया। आग्रह किया कि सरकार इस पर कार्रवाई करे। हमें जिस उम्मीद से प्रतिनिधि बनाया गया है, उस पर खरा उतरना चाहिए। विधायकों ने वृद्धा पेंशन का भी मुद्दा उठाया। कांग्रेसी विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि हम एकजुट हैं और विपक्ष के हर हमले का डट कर सामना करेंगे। मंत्री रामेश्वर उरांव ने आवास का मुद्दा उठाया। अंबा प्रसाद ने ओबीसी के आरक्षण का मुद्दा उठाया। बैठक में सभी विधायकों ने मुख्यमंत्री में विश्वास व्यक्त किया। आनेवाले समय में किसी भी तरह के संकट से एकजुटता से उबरने का निर्णय लिया गया। *शेष पेज 5 पर...*


SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST | BASIC | B.SC. BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS | DMLT | ECG X-RAY | OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

SAERA MAYURI
INDIA'S No.1
मयूरी है जरुरी!
E-RICKSHAW MANUFACTURER
J D TRADERS
Authorised Dealer of SAERA ELECTRIC AUTO PVT. LTD.
Showroom:- 39, Laxmi Tower, H.B. Road, Kokar, Ranchi
Head Office:- Mahilong, Tatisilwai, Ranchi (Jharkhand)
SALES | SERVICES | SPARE PARTS | INSURANCE
Mob.: 7991137856, 9931319700
E-mail : jdtradersok@gmail.com

11 गौरवशाली वर्ष
प्रमंडल का इकलौता महिला B.Ed. / Del.ed कॉलेज
ज्योति प्रकाश महिला बी.एड. कॉलेज
(N.C.T. द्वारा मान्यता प्राप्त N.P.U. द्वारा संबद्ध)
चियांकी-रांची रोड, मेदिनीनगर
आज़ादी का अमृत महोत्सव
अब हुआ B.Ed. और D.El.ED. करना आसान
नामांकन पुराने एवं नये सत्र में
शुल्क आसान किस्तों पर
मो. : 8603229131, 9262690438
आनन्द शंकर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 20 वर्षों से नि:शुल्क संचालित
ज्योति प्रकाश विद्यापीठ, चियांकी

ADMISSION NOTICE FOR THE ACADEMIC YEAR 2022-23
COURSES WE OFFER
- 3 YEARS DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT & CATERING TECHNOLOGY (DHMCT) (Food & Beverage Service, Front Office, Accommodation Operation, Food Production & Culinary Art, Hospitality, Bakery & Confectionery) (ELIGIBILITY : Intermediate / 10+2 Passed with 45% Marks or Appearing)
- 2 YEARS MASTER IN BUSINESS ADMINISTRATION (MBA) (Human Resource, Marketing, Finance & IT) (Eligibility : Graduate in any discipline with 50% Marks. Latest Credit Based Curriculum.
- 3 YEARS BACHELORS IN BUSINESS ADMINISTRATION (BBA) (Human Resource, Marketing, Finance & IT) (Eligibility : Intermediate / 10+2 Passed with 45% Marks or Appearing)
- 1 YEAR CRAFT COURSES IN HOTEL MANAGEMENT (Hospital, Baker & Confectionary, Food & Beverage Services, Travel & Tour Operation Management, Front Office & House Keepng). (Eligibility : Matriculate, Intermediate / 10+2 Passed with 45% Marks or Appearing)

◆ नामांकन की प्रक्रिया ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों विधि उपलब्ध है।
◆ ऑनलाइन आवेदन करने हेतु संस्थान के वेबसाइट www.ismr.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।
◆ ऑफलाइन आवेदन या तो संस्थान में आकर फार्म भरकर नामांकन ले सकते हैं या वेबसाइट से फार्म को डाउनलोड करके उसे भरकर सभी कागजात के साथ स्पीड या रजिस्टर्ड पोस्ट से
To, The Director, ISM Campus, Pundag, Ranchi-834004 पर भेज सकते हैं।

TRAINING & PLACEMENT
TCI | BAJAJ | Hawkins | TATA MOTORS | Coca-Cola | JW MARRIOTT | Oberoi HOTELS & RESORTS | The Ritz-Carlton | RAJMAHAL PALACE JAIPUR

FOR MORE DETAILS CALL : 8797131841, 7858001234

ISM is pioneer in management education since 1985 excellence through creating new avenues for higher education & career development of the students. Imparting quality value based education through establishing & promoting close interaction with industries & other utility sector.

Wi-Fi campus with facilities of automated library & e-journals. Separate hostels for boys & girls with local transport facilities. Spread over 5 acre of land in heart of the city of Ranchi with 2 Lakh sq.ft. built-up areas Amphitheater, state of art Auditorium, Modern Lab, Weekly Talk Show, Smart Classroom and many more...

Since 1985
ISM Ranchi
INSTITUTE OF SCIENCE & MANAGEMENT
Affiliated to Jharkhand University of Technology & Approved by AICTE, Govt. of India
Pundag, Ranchi-834004 | Website : www.ismr.ac.in, Mail : info@ismr.ac.in

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

## सियासत गरम : दिल्ली का शराब घोटाला यानी टॉप लेवल पर 'एक हाथ ले, दूजा दे!'

# 'सात' के फेर में फंसे डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया

## मुख्य सचिव की रिपोर्ट में पायी गयी थीं सात खामियां

## घोटाले में फंसने के बाद सियासत पर उतरी आप



राकेश सिंह

आजाद सिपाही विशेष

**दिल्ली की केजरीवाल सरकार में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के घर पर सीबीआइ ने छापेमारी की है। यह छापेमारी दिल्ली शराब घोटाला मामले में की गयी है। स्वाभाविक तौर पर इस मुद्दे पर सियासत गरम है और आप ने इसे बदले भी भावना से प्रेरित होकर की गयी कार्रवाई बताया है। लेकिन यह भी सच है कि आप के 40 मंत्री और विधायक पुलिस और जांच एजेंसियों के फेरे में आ चुके हैं। पंजाब में एक मंत्री को मिला कर अभी तक आप सरकार के पांच मंत्रियों को इस्तीफा देना पड़ा है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि भाजपा केजरीवाल के बढ़ते ग्राफ की वजह से बौखलायी हुई है। वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा है कि अगर अरविंद केजरीवाल ने कुछ भी गलत नहीं किया है और उन्हें अपने नेताओं पर भरोसा है, तो वह क्यों डर रहे हैं? यह हकीकत है कि 2 अक्तूबर 2012 को आम आदमी पार्टी का गठन होने के बाद पार्टी ने अपना पहला विधानसभा चुनाव 2013 में लड़ा था। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में आप को 28 सीटें मिली थीं। कांग्रेस के सहयोग से दिल्ली में उसने सरकार बना ली, लेकिन 49 दिन बाद केजरीवाल को सत्ता छोड़नी पड़ी। इसके बाद 2015 के चुनाव में आप ने 67 सीटों के प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज की। साल 2020 के विधानसभा चुनाव में भी आप ने शानदार प्रदर्शन किया। हालांकि इस बीच कई उतार-चढ़ाव भी आये। केजरीवाल सरकार के मंत्रियों पर आरोप लगे। दर्जनों विधायकों को दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का सामना करना पड़ा। पांच-छह मंत्रियों को छोड़ कर अधिकांश मामलों में आप के विधायक जांच से बाहर आ गये। अब मनीष सिसोदिया जिस मामले में फंसे हैं, उसकी बुनियाद दिल्ली सरकार की उस आबकारी नीति में रखी गयी थी, जिसमें कई खामियां थीं। दिल्ली के उप राज्यपाल के आदेश पर मुख्य सचिव द्वारा की गयी जांच के दौरान कम से कम सात खामियां उजागर हुई थीं, जिसके बाद मामले की सीबीआइ जांच के आदेश दिये गये थे। आखिर क्या है दिल्ली का शराब घोटाला और इसमें सामने आयीं खामियां, इस बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

रालेगांव सिद्धी के गांधीवादी समाजसेवी अन्ना हजारे के 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' की कोख से 2 अक्तूबर, 2015 को जन्मी आम आदमी पार्टी का सात साल का राजनीतिक इतिहास चुनावी सफलता को छोड़ कर कभी निर्विवाद नहीं रहा है। यह सच है कि 2005 में सूचना का अधिकार कानून लागू होने के बाद सुर्खियों में आये भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बातें तो बड़ी-बड़ी की, लेकिन सत्ता में आने के बाद उसी विवाद में घिरते चले गये। यही कारण है कि महज सात साल में आप के आधा दर्जन मंत्री विभिन्न मामलों में जांच एजेंसियों के चक्कर में फंस चुके हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन पिछले दो महीने से जेल में हैं। अब डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी जांच के दायरे में आ गये हैं। उनके खिलाफ जो आरोप लगाये गये हैं, वे काफी गंभीर हैं।

### एफआइआर में इन लोगों के नाम

सीबीआइ की एफआइआर में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के अलावा तत्कालीन आबकारी आयुक्त अरवा गोपीकृष्णा, तत्कालीन आबकारी उपायुक्त आनंद तिवारी, आबकारी अतिरिक्त आयुक्त पंकज भटनागर, एंटरटेनमेंट एंड इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ऑनली मच लाउडर के सीइओ विजय नायर, पेरनोड रिकार्ड के पूर्व कर्मी मनोज राय, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमनदीप ढल, इंडोस्प्रिट ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू, बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अमित अरोड़ा, फर्म बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, दिनेश अरोड़ा, फर्म महादेव लिकर्स, महादेव लिकर्स के वरिष्ठ अधिकारी सन्नी मारवाह, अरुण रामचंद्र पिल्लई, अर्जुन पांडे और अज्ञात का नाम शामिल है।

### क्या है दिल्ली का शराब घोटाला मामला

सीबीआइ ने दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया सहित 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छापामारी की है। यह छापामारी दिल्ली की आबकारी नीति, जिसे दिल्ली का शराब घोटाला कहा जा रहा है, को लेकर मुख्य सचिव की जांच में मिली सात 'खामियों' के आधार पर की गयी। मुख्य सचिव नरेश कुमार ने जुलाई में जांच के बाद पाया था कि आबकारी नीति 2021-22 को लागू करने में बड़े पैमाने पर 'गड़बड़ियां' हुईं। शराब लाइसेंसियों को 'फायदा' पहुंचाने के लिए प्रक्रिया को ताक पर रख दिया गया। इस बात के तगड़े सबूत थे कि शीर्ष राजनीतिक स्तर पर 'एक हाथ दे, दूसरे हाथ ले' वाला हाल था। सिसोदिया ने खुद नियमों को ताक पर रख कर बड़े-बड़े फैसले लिये और करवाये। मुख्य सचिव नरेश कुमार ने अपनी जांच में जो आरोप लगाये थे, उनमें से कुछ सीबीआइ की एफआइआर में भी हैं। उप राज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर हुई एक और जांच में पता चला कि आबकारी विभाग के अधिकारियों ने मंत्री के कहने पर अवैध आदेश जारी किये। 8 जुलाई, 2022 को नरेश कुमार ने जो पहली रिपोर्ट सौंपी, उसमें आबकारी नीति लागू करने में हुई सात 'प्रक्रियागत खामियों' का जिक्र था। ये सात 'खामियां' ही सीबीआइ के लिए सिसोदिया पर छापामारी का आधार बनीं।

### ये थीं सात 'खामियां'

- मनीष सिसोदिया के निर्देश पर आबकारी विभाग ने एयरपोर्ट जोन के एल-1 बिडर को 30 करोड़ रुपये लौटाने का निर्णय लिया। बिडर एयरपोर्ट अधिकारियों से जरूरी एनओसी नहीं ले पाया था। ऐसे में उसके द्वारा जमा करायी गयी जमानत राशि सरकारी खाते में जमा हो जानी चाहिए थी, लेकिन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के निर्देश पर बिडर को वह पैसा लौटा दिया गया।
- सक्षम प्राधिकार से मंजूरी लिये बिना आबकारी विभाग ने 8 नवंबर 2021 को एक आदेश जारी करके विदेशी शराब के रेट कैलकुलेशन का फॉर्मूला बदल दिया और बियर के प्रत्येक केस पर लगने वाली 50 रुपये की इंपोर्ट पास फीस को हटा कर लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया, जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हुआ।
- टेंडर दस्तावेजों के प्रावधान को हल्का करके छोटे या रिटेल लाइसेंसियों को वित्तीय फायदा पहुंचाया गया, जबकि लाइसेंस फीस, ब्याज और पेनाल्टी न चुकाने पर एक्शन होना चाहिए था।
- सरकार ने दिल्ली के अन्य व्यवसायियों के हितों को दरकिनार करते हुए केवल शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए कोविड काल में हुए नुकसान की भरपाई के नाम पर उनकी 144.36 करोड़ रुपये की लाइसेंस फीस माफ कर दी, जबकि टेंडर दस्तावेजों में ऐसे किसी आधार पर शराब विक्रेताओं को लाइसेंस फीस में इस तरह की छूट या मुआवजा देने का कहीं कोई प्रावधान नहीं था।
- सरकार ने बिना किसी ठोस आधार के और किसी के साथ चर्चा किये बिना नयी पॉलिसी के तहत हर वॉर्ड में शराब की कम से कम दो दुकानें खोलने की शर्त टेंडर में रख दी। बाद में एक्साइज विभाग ने सक्षम प्राधिकार से मंजूरी लिये बिना नॉन कनफर्मिंग वॉर्डों के बजाय कनफर्मिंग वॉर्डों में लाइसेंसधारकों को अतिरिक्त दुकानें खोलने की इजाजत दे दी।
- सोशल मीडिया, बैनरों और होर्डिंग के जरिये शराब को बढ़ावा दे रहे लाइसेंस्सियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। यह दिल्ली एक्साइज नियमों, 2010 के नियम 26 और 27 का उल्लंघन है।
- लाइसेंस फीस में बढ़ोत्तरी किये बिना लाइसेंसधारकों को लाभ पहुंचाने के लिए उनका ऑपरेशनल पीरियड पहले 1 अप्रैल 2022 से बढ़ा कर 31 मई 2022 तक किया गया और फिर इसे 1 जून 2022 से बढ़ा कर 31 जुलाई 2022 तक कर दिया गया। इसके लिए सक्षम प्राधिकार यानी कैबिनेट और एलजी से भी कोई मंजूरी नहीं ली गयी। बाद में आनन फानन में 14 जुलाई को कैबिनेट की बैठक बुला कर ऐसे कई गैर-कानूनी फैसलों को कानूनी जामा पहनाया गया। शराब की बिक्री में बढ़ोत्तरी होने के बावजूद राजस्व में बढ़ोत्तरी होने के बजाय 37.51 फीसदी कम राजस्व मिला।





### आरोपों पर दिल्ली सरकार का तर्क

इन गड़बड़ियों और दूसरे मंचों से लग रहे आरोपों पर दिल्ली सरकार ने तर्क दिया कि नयी एक्साइज नीति का मकसद शराब के वितरण की व्यवस्था में अनियमितताओं को खत्म करके एक समान वितरण व्यवस्था लागू करने का था। अवैध शराब माफिया और भ्रष्टाचार को खत्म करके नयी एक्साइज पॉलिसी के माध्यम से एक साल के अंदर डेढ़ गुना ज्यादा एक्साइज राजस्व हासिल करने का मकसद था। सरकार ने कहा कि भाजपा ने सीबीआइ, इडी और अन्य एजेंसियों का डर दिखा कर दिल्ली में वैध तरीके से खोली जा रही शराब की दुकानों को बंद करवाने का प्रयास किया, ताकि गुजरात की तरह दिल्ली में भी नकली शराब की बिक्री का धंधा जारी रहे। इसके अलावा आरोप लगाया गया कि भाजपा दुकानदारों को डरा-धमका कर उन पर अपने लाइसेंस सरेंडर करने के लिए दबाव बना रही है, जिसके चलते शराब की दुकानों की संख्या कम हो गयी। आप सरकार ने कहा कि अधिकारियों को भी इतना डरा दिया गया है कि वे खाली हुई दुकानों की जगह नयी दुकानें खुलवाने के लिए टेंडर करने में डर रहे हैं। सरकार ने सफाई दी कि नयी पॉलिसी में शराब की एक भी दुकान बढ़ायी नहीं गयी थी। पहले की तरह 849 दुकानें ही खोली जा रही थीं, लेकिन दुकानों के वितरण की व्यवस्था को ठीक किया गया था, ताकि ऐसा ना हो कि कहीं पर तो कई सारी दुकानें खुल जायें और कहीं पर एक भी दुकान ना हो। इसके अलावा दिल्ली सरकार का दावा था कि पुरानी पॉलिसी से सरकार को सालाना छह हजार करोड़ रुपये का रेवेन्यू मिलता था, जबकि नयी पॉलिसी से एक साल में रेवेन्यू डेढ़ गुना बढ़ जाता और सरकार को सालाना साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये मिलते। आप ने आरोप लगाया कि कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए पूर्व उप राज्यपाल ने नयी पॉलिसी के तहत शराब की नयी दुकानें खुलने से 48 घंटे पहले नीति बदल दी, जिससे कई सारी दुकानें नहीं खुल पायीं और सरकार को हजारों करोड़ का नुकसान हुआ। इसके अतिरिक्त पुरानी पॉलिसी के तहत भी एलजी की मंजूरी से अनधिकृत क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोली जाती रही हैं। उसी को देखते हुए नयी पॉलिसी में भी इन इलाकों में दुकानें खोलने का प्रावधान किया गया था, लेकिन ऐन मौके पर एलजी ने यू-टर्न ले लिया।

### क्या बोले मनीष सिसोदिया

अपने घर पर सीबीआइ छापे के फौरन बाद मनीष सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, सीबीआइ आयी है, उनका स्वागत है। हम कट्टर ईमानदार हैं। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में जो अच्छा काम करता है, उसे इसी तरह परेशान किया जाता है। इसीलिए हमारा देश अभी तक नंबर-1 नहीं बन पाया। अन्य ट्वीट् में सिसोदिया ने कहा कि हम सीबीआइ का स्वागत करते हैं। जांच में पूरा सहयोग देंगे, ताकि सच जल्द सामने आ सके। अभी तक मुझ पर कई केस किये, लेकिन कुछ नहीं निकला। इसमें भी कुछ नहीं निकलेगा। देश में अच्छी शिक्षा के लिए मेरा काम रोका नहीं जा सकता। ये लोग दिल्ली की शिक्षा और स्वास्थ्य के शानदार काम से परेशान हैं। इसीलिए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और शिक्षा मंत्री को पकड़ा है, ताकि शिक्षा और स्वास्थ्य के अच्छे काम रोके जा सकें। हम दोनों के ऊपर झूठे आरोप हैं। कोर्ट में सच सामने आ जायेगा। अपने हाल के ट्वीट में मनीष सिसोदिया ने कहा है कि सीबीआइ आयी थी। एक-दो दिन के अंदर हमें गिरफ्तार भी कर लेगी। लेकिन हम डरनेवाले नहीं हैं। गलत नहीं किया है।

### शिक्षा नहीं, शराब नीति का मामला: भाजपा

भाजपा ने सीबीआइ की छापेमारी पर दिल्ली सरकार पर सवाल उठाये। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, जांच के डर से दिल्ली के सीएम को शिक्षा के बारे में बोलना पड़ा। यह शिक्षा की बात नहीं है, यह आबकारी नीति का मामला है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि सीबीआइ को जांच सौंपे जाने के दिन आबकारी नीति को पलट दिया। यह कदम क्यों उठाया गया, क्योंकि शराब के कारोबार के लाइसेंस जारी करने में भ्रष्टाचार किया गया है। लोगों को मूर्ख मत समझिए। ठाकुर ने कहा कि लोगों को जवाब चाहिए।

### कोई मंत्री रिश्वत में फंसा, तो किसी की सीडी हुई वायरल

साल 2018 में दिल्ली की आप सरकार के मंत्री आसिम अहमद खान को भ्रष्टाचार के आरोप में पद छोड़ना पड़ा था। आसिम पर छह लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। वह उस वक्त दिल्ली सरकार में खाद्य आपूर्ति मंत्री थे। साल 2015 में कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर को फर्जी डिग्री मामले में पद खोना पड़ा था। महिला एवं बाल कल्याण विकास मंत्री संदीप कुमार की आपत्तिजनक सीडी वायरल हो गयी थी। उन्हें भी पद छोड़ना पड़ा। इस साल पंजाब में आप की सरकार बनी तो विजय सिंगला को स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। कुछ ही दिन में उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लग गया। उन्हें जेल जाना पड़ा और मंत्री पद भी चला गया। 2014 में घरेलू हिंसा के मामले में दिल्ली सरकार के कानून मंत्री सोमनाथ भारती को इस्तीफा देना पड़ा था। सत्येंद्र जैन को छोड़ कर आसिम अहमद, जितेंद्र सिंह तोमर, संदीप कुमार, सोमनाथ भारती और विजय सिंगला को कैबिनेट मंत्री का पद छोड़ना पड़ा है। पूर्व मुख्य सचिव अंशु प्रकाश के साथ मारपीट के मामले में प्रकाश जारवाल गिरफ्तार हुए थे। इस तरह देखा जाये, तो शुरू से ही आप के कई मंत्री विवादों के घेरे में रहे। विवाद भी सामान्य नहीं। लेकिन सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इससे सबक भी नहीं ले रहे। वह इस बात पर मंथन नहीं कर रहे कि आखिर ऐसा उनके लोग क्यों कर रहे हैं, बल्कि हर बात में वह केंद्र और केंद्रीय एजेंसियों पर हमला कर रहे हैं। हमला करने से आरोप कम नहीं हो जाते, न ही पार्टी को कोई लाभ मिलेगा। जरूरत है अरविंद केजरीवाल को आत्ममंथन करने की।

---

## झारखंड के पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी का निधन



फाइल फोटो।

**रांची।** झारखंड के पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी का शनिवार को लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में निधन हो गया। वह हृदय रोग से पीड़ित थे। कांग्रेस नेता सैयद सिब्ते रजी का जन्म 7 मार्च, 1939 को उत्तरप्रदेश के रायबरेली में हुआ था। उनके निधन पर राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है।

## एसटी, एससी एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण प्रतिशत के सुझाव के लिए उप-समिति के गठन को मुख्यमंत्री हेमंत की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य में एसटी, एससी, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनु०-1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनु०-2) के आरक्षण के प्रतिशत पर विचार-विमर्श कर सुझाव समर्पित करने के लिए उप-समिति गठित करने के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों सरकार ने कहा था कि राज्य में आरक्षण की सीमा बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए एक उप-समिति का गठन किया जायेगा। यह उच्चस्तरीय उप-समिति झारखंड में एसटी, एससी एवं पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की सीमा को बढ़ाने के संबंध में हर बिंदु पर नजर रखते हुए विचार-विमर्श कर अपना सुझाव राज्य सरकार को समर्पित करेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दिशा में कदम उठा लिया है। उन्होंने उपसमिति गठित करने की मंजूरी दे दी है।



### गुमला में सीएनटी/एसपीटी और पत्थलगड़ी को लेकर दर्ज केस होंगे वापस

रांची। सीएम हेमंत सोरेन ने सीएनटी/एसपीटी में संशोधन का विरोध करने के कारण तथा पत्थलगड़ी का समर्थन कर रहे कतिपय व्यक्तियों के विरुद्ध गुमला थाना (कांड सं०-421/2016 सीआर नं०-1161/16, 02/12/2016) में दर्ज केस वापसी संबंधी प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन दिया है। सीएनटी/एसपीटी में संशोधन का विरोध तथा पत्थलगड़ी करने के आरोप में गुमला थाना कांड संख्या.- 421/2016 में जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मुकदमे दायर किये गये हैं, उनके प्रत्याहरण से संबंधित गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्तावित संकल्प प्रारूप पर सीएम ने अपनी स्वीकृति दे दी है। सीएम के इस फैसले से गुमला थाना अंतर्गत सीएनटी/एसपीटी में संशोधन का विरोध एवं पत्थलगड़ी करने के क्रम में जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी, उन्हें अब राहत मिल सकेगी।

## जेल से निकलते ही इरफान अंसारी ने ममता बनर्जी पर बोला बड़ा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों को कलकत्ता हाइकोर्ट ने जमानत दे दी है। कोर्ट ने जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी, खिजरी के विधायक राजेश कच्छप और कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी को सशर्त अंतरिम जमानत दी है। इन विधायकों को पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला में पिछले दिनों 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। जमानत मिलने के बाद जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी शनिवार को जेल से निकले। जेल से बाहर आते ही उन्होंने पं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाये। अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राजनीतिक लाभ के लिए हमें गलत तरीके से फंसाया है। जो भी पैसे बरामद किये गये हैं, वो हमारे तीन विधायकों के थे। हम सभी आदिवासी दिवस पर साड़ी खरीदने के लिए गये थे। गलती एक ही थी कि तीनों विधायकों के पैसे एक साथ थे, जो कुल लगभग 49 लाख थे। उन्होंने इस सारे प्रकरण को राजनीतिक साजिश करार दिया और तीनों विधायकों को बेकसूर बताया। इरफान अंसारी ने कहा कि हमारी रगों में कांग्रेस का खून बह रहा है। हम कभी भारतीय जनता पार्टी में शामिल नहीं हो सकते।



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


## श्री महावीर मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन

**जयनगर :** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद लपसियाडीह मे 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया। यह महावीर हनुमान मंदिर झंडा चौक के नाम से प्रसिद्ध है। रामनवमी त्यौहार में सभी क्षेत्र अगल बगल ग्राम के लोग अपना अपना रामनवमी का झंडा लेकर इसी महावीर मंदिर के सामने जमा होते हैं। झंडा मिलन होता है, इसलिए यह श्री महावीर मंदिर झंडा चौक से प्रसिद्ध है। कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव को लेकर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्रामीणों के सहयोग राशि से भजन कीर्तन किया गया। सभी ग्रामीण सहयोग राशि देकर इस भजन कीर्तन में उपस्थित होकर हरे रामा हरे कृष्णा के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान था। अखंड कीर्तन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी, दिलीप सिंह, शंकर बिहारी, विजय भदानी, रामकृष्ण पासवान, पप्पू सिंह, रामदेव पासवान, संजय बिहारी, हरेंद्र विश्वकर्मा, अशोक पासवान, बाल रूप ठाकुर, दिलीप कसेरा, टिंकू पासवान, रामकृष्ण दास, बिहारी दास एवं महिलाएं, बच्चे, ग्रामीण उपस्थित थे।

## वाणी कंप्यूटर सेंटर ने मनायी 10वीं वर्षगांठ

**कोडरमा :** राजेंद्र चौक स्थित वाणी कंप्यूटर सेंटर का दसवां वर्षगांठ धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मण यादव, महेंद्र यादव जिला परिषद सदस्य, रजनी बाला समाज सेविका, उमा देवी, मुखिया इंदरवा ने उद्घाटन किया। संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव ने सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए सबको बधाई दिया। मौके पर सौरभ, हाई स्कूल के शिक्षक गगन कुमार, वीरेंद्र कराटे, सुशांत, मुन्ना ने संयुक्त रूप से संचालन किया। कार्यक्रम में सेंटर के वैसे बच्चों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपना कोर्स पूरा कर लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने बेहतर कंप्यूटर शिक्षा के लिए निदेशक सतीश कुमार यादव को बधाई एवम शुभकामनाएं दिया। साथ ही निदेशक के पुत्र सौम्यक राज का 10वा जन्म दिन भी मनाया गया। कार्यक्रम में सेंटर के बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान उपस्थित अतिथियों में कोडरमा विधायक नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, लक्ष्मण यादव, महेंद्र यादव, रजनी बाला, उमा देवी, प्रो राखी भदानी, सौरभ, सुशांत, सुनील, वीरेंद्र कराटे, आदित्य कुमार, विशाल भदानी, विकाश कुमार, संजीव समीर, विनोद कुमार, मुन्ना, उपेंद्र साव, उदय कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन गगन कुमार, निदेशक सतीश कुमार, संजना और लीलावती ने किया, समापन बीरेंद्र कराटे के द्वारा किया गया।

## बारिश से गिरा मिट्टी का घर

**मरकच्चो :** प्रखंड अंतर्गत मरकच्चो मध्य पंचायत के कोटवार मुहल्ला निवासी गीता देवी पति गोपाल तमोली का मिट्टी का घर बीते दिन गुरुवार व शुक्रवार को हुई बारिश से गिर गई। घर गिर जाने से पूरा परिवार बेघर हो गया। इस बाबत गीता देवी ने कहा कि खाने पीने का समान अपने नजदीक के घर में रख कर अपना जीवन गुजर कर रही हूं। परिवार में सिर्फ मेरे पति गोपाल तमोली एक मात्र कमाऊ व्यक्ति हैं जो बाहर में मजदूरी का काम करते हैं। मुझे चार लड़की व एक लड़का है, रहने में काफी दिक्कत हो रही है।

## विहिप का स्थापना दिवस कार्यक्रम सम्पन्न



**कोडरमा :** विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस कार्यक्रम शनिवार को झुमरी तिलैया शहर के शिव वाटिका में मनाई गई। कार्यक्रम में सभी प्रखंड व नगर के कार्यकर्ता, परिषद के अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित कई सनातन धर्म के अनुयायियो की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता केंद्रीय प्रमुख अंबरीश सिंह ने अपने संबोधन में विश्व हिंदू परिषद स्थापना का इतिहास, उसकी उपलब्धि, संगठन की गतिविधियां, संगठन के प्रमुख कार्यक्रम के अलावा श्री राम जन्मभूमि आंदोलन, सामाजिक जागरण, ईश्वर भक्ति, सेवा, सत्संग जैसे अनेकों बिंदुओं पर संगठन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अखिल विश्व में रहने वाले सभी हिंदुओं के मन में हिंदुत्व का भाव जागृत करने के साथ उनको संगठित करने के लिए विश्व हिंदू परिषद कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की जन्माष्टमी के शुभ मुहूर्त 29 अगस्त 1964 को पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी के मुंबई स्थित सांदीपनि आश्रम में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि निरंतर और शाश्वत हिंदू जीवन मूल्यों की रक्षा, प्रचार और प्रचार करना अपने धर्म में विविध, पंथ, संप्रदाय, जाति उपजाति इसमें समन्वय बढ़ाकर सभी में एकात्मता की भावना निर्माण करना ही परिषद का उद्देश्य था। उन्होंने कहा सामाजिक भेद, विषमता, अनिष्ट या प्रभाव का निर्मूलन कर सामाजिक समरसता का निर्माण करने के साथ सामाजिक संगठित सशक्त बने इसके लिए प्रयत्न करना था। उन्होंने कहा धर्मांतरण समाप्त हो इसलिए जन जागृत करना और धर्म में किए गए अपने बंधुओं का फिर से हिंदू धर्म स्थानांतरित करना, मठ मंदिरों की सुव्यवस्था करके उसे समाज और शक्ति और स्फूर्ति केंद्र बनाने के लिए प्रयत्न करने के साथ-साथ हिंदू समाज पर कोई अन्याय होता हो तो उसके विरुद्ध जन जागरण करके आंदोलन करके उस अन्याय आक्रमण को दूर करना शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्याध्यक्ष राजय वर्मा एवं मंच संचालन जिला मंत्री पंकज दुबे ने किया। कार्यक्रम के मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, वरिष्ठ संरक्षक बनवारी राम, प्रांत विशेष सह संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, जिला समरसता प्रमुख पप्पू बरनवाल, संयोजक रंजन कुमार, राकेश राजपूत, अरविंद एकघरा, नगर समरसता प्रमुख विनय सिन्हा सहित जिले के कई बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राजीव गांधी की मनायी गयी जयंती

**विष्णुगढ़ :** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित जिला कांग्रेस सचिव सुनयना दुबे के विष्णुगढ़ स्थित आवास में भारत के पुर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 78 वीं जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर पर फूल मालाये चढाकर उनके द्वारा प्रधानमंत्री काल मे किये गए कार्यो की चर्चा की गई। श्रीमती दुबे ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दे दी।देश में पंचायती राज व्यवस्था और कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी जी को आधुनिक भारत के निमार्ता कहा जाता है। मौके पर वार्ड सदस्य पूनम कुमारी ,ममता देवी, बीना देवी, अनीता देवी,सरस्वती देवी इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आजीविका कैडर संघ ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**हजारीबाग।** अपने बकाए वेतन भुगतान, समय पर भुगतान करने एवं वेतन सीधा कैडरों के खाते में डालने की मांग को लेकर हजारीबाग आजीविका कैडर संघ के लोगों ने भिंगते हुए निकाली रैली और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला सचिव जन्नत हुसैन ने कहा कि हम लोगों का 6 माह से वेतन बकाया है। बकाए वेतन की मांग को लेकर कई बार हम लोगों ने अधिकारियों से बातचीत की और सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है लेकिन वेतन नहीं मिला। हम लोग जिले के सुदूर गांव में जाकर सरकार के समस्त योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हैं एवं डाटा एंट्री भी करते हैं। लेकिन हम लोग को वेतन समय पर मिलता ही नहीं है। वेतन हम लोग के खाते में ना आ करके दूसरे के खाते में चला जाता है उसके बाद हम लोगों को मिलता है। सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने इनके मांगों का समर्थन करते हुए जिला प्रशासन से मांग कीया है कि इनका बकाया वेतन तत्काल भुगतान करने की व्यवस्था करें। इस रैली में जिले के 16 ब्लॉक के लोग शामिल थे। इसमें मुख्य रूप से बीना देवी चुरचू, जिला देवी दारू, सुलेखा शशि चौपारण, रेखा देवी केरेडारी, आशा कश्यप सदर ब्लॉक मुख्य रूप से शामिल थी।

## सदर एवं दारू प्रखंड में 18 घंटों से बिजली बाधित : धीरज पुरी

**हजारीबाग :** सदर एवं दारू प्रखंड में लगातार दो दिनों से हो रही लगातार बारिश और तेज हवा के कारण पिछले 18 घंटो से बिजली नही है। बिजली नही रहने के कारण विधुत उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत चालित यंत्र से चलने वाले कार्य बाधित हो रहे है। आमजनों को मोबाइल चार्ज और पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली मिस्त्री रियाज ने बताया कि 33 हजार लाइन की सप्लाई कवालु सब स्टेशन को नही मिली है साथ मे अबोध कुमार एवं सभी मिस्त्री प्रखंड में घूम घूम कर कही बिजली का पोल गिरा हो या तार गिरा हो उसकी जांच कर रहे है। सब स्टेशन में लाइन आने के बाद ही प्रखंड को बिजली उपलब्ध हो पायेगा। बिजली नही रहने के कारण सबसे बड़ी समस्या छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

# पीड़ित परिवार से मिले पूर्व मंत्री मनोज यादव और अमरदीप यादव



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** धर्म परिवर्तन कराने के लिए डराने धमकाने और सार्वजनिक रूप से उठक बैठक कराने की घटना के विरोध में पूर्व मंत्री पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव और भाजपा ओबीसी मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव पार्टी कार्यकताओं के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों से बात कर समुचित न्याय का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि हजारीबाग के बड़कागांव थाना क्षेत्र के सीरमा गांव में मुस्लिम युवकों ने एक घर में घुसकर नाबालिक युवती के साथ उसकी बहन व उसकी विधवा मां को धमकाया। साथ ही अभद्र व्यवहार किया और उठक बैठक करवाने का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। फिर उल्टे थाना में केस भी किया। इस मामले को लेकर छात्रा सुमन कुमारी(उम्र-15) ने हजारीबाग बड़कागांव थाने में घटना के विवरण के साथ आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर कांड संख्या 205/22 दिनाक 17/08/2022 धारा 143, 452, 341, 323, 354, 354बी, 153ए, 295ए, 504 सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आवेदन में छात्रा सुमन कुमारी ने बताया कि बीते 10 अगस्त की रात्रि उसकी बड़ी बहन अंशु कुमारी(17) खाना बना रही थी। इसी बीच कुछ लोग दरवाजा खुलवाकर घर जबरन घर के अंदर घुस गये और अंशु को जमीन पर पटक कर गर्दन दबाने लगाने लगे। इसके बाद जब आवाज सुन सुमन बचाने गई, तो युवकों को उसे भी जमीन पर पटक दिया और जान से मारने की कोशिश करने लगे। छात्रा सुमन ने आवेदन में बताया कि घटना के दौरान वह जोर से चिल्लाई, जिसके बाद लोग इकट्ठा होने लगे, जिसके बाद युवक गाली देते हुए कहा कि तुम लोगों का पूजा-पाठ बंद करा दिया जाएगा। आवेदन में विस्तार से कहा गया कि अगले दिन 11 अगस्त की सुबह 7 बजे जब सुमन की मां किरण देवी पंचायत समिति के पास गई, तो 15-20 लोगों ने उन्हें घेर लिया, जिसमें मुस्लिम महिला भी शामिल रही। सभी लोगों ने किरण देवी पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाने लगे। साथ ही धमकी देने लगे कि इस गांव में रहना है, तो मुसिलम धर्म अपनाना होगा, नहीं तो बेटियों के साथ लापता करवा दिया जाएगा। बता दें कि इस गांव में हिंदू समाज के चार घर ही है मुखिया के बेटे का कहना है कि हम पंच है हमारा हुकुमत चलेगा, जैसे चाहेगें वैसा करना होगा। उपरोक्त मामले पर सुमन ने गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। आरोपियों में मुख्य रूप से मो वसीम फिरोज पिता स्व अताउल्ला, सजीबुल्लाह पिता मो हाफिज, मो नाजिम पिता स्व मिस्टर, मो साकिब पिता मो तौकिर, मो तौकिर पिता ज्ञात नहीं, मो आशिफ पिता मो रियाज एवं अन्य पांच अज्ञात लोग शामिल है। दो लोग की गिरफ्तारी हुई है बाकी मुख्य आरोपी एवं अन्य सभी फरार है जिसे राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है।

## करणी सेना झारखंड प्रदेश की टीम ने बड़कागांव घटना मामले में पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** करणी सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह के नेतृत्व में करणी सेना की टीम हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिरमा गांव पहुंची जहां उन लोगों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि महिला सम्मान और महिलाओं की हक की बात करने वाली इस हेमंत सोरेन एवं कांग्रेस की सरकार में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिरमा में बीते 10 तथा 11 अगस्त को एक नाबालिग लड़की को मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा पाकिस्तान का झंडा उतार कर भगवा झंडा लगाने का वीडियो वायरल करने पर हिंदू बहन के घर रात्रि के समय घुसकर सरेआम प्रताड़ित किया गया उठक बैठक कराई गई। धर्म परिवर्तन के लिए धमकी दी गई, इतना ही नहीं उस परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट तक की गई। पीड़ित परिवार के ऊपर दबाव बनाकर केस वापस लेने और गांव छोड़ने की सरेआम मुसलमानों के द्वारा धमकी मिल रही। क्या यही समान न्याय व्यवस्था है। प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि करणी सेना ऐसी तालिबानी सोच वाले लोगों को चेतावनी देती है कि वह देश की हिंदू बहन बेटियों को प्रताड़ित करना बंद करें अन्यथा करणी सेना ईट का जवाब पत्थर से देना जानती है। धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने वालों को करणी सेना माफ नहीं करेगी।

## पीड़ित परिवार को मिले शीघ्र न्याय : पंकज महतो

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सिरमा के पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिलकर उनका हालचाल जाना एंव न्याय दिलवाने में हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि बड़कागांव प्रखंड की सिरमा पंचायत के सिरमा गांव में बीते 10 अगस्त को विधवा महिला की नाबालिग बेटियों को गांव के ही विशेष समुदाय के युवकों द्वारा विडियो का बहाना बना कर रात्रि में पीड़िता के घर जाकर अभद्र व्यवहार एंव कान, उठक- बैठक व धर्म परिवर्तन को लेकर प्रताड़ित किया गया था जिसको लेकर थाना में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी। जिसमें थाना द्वारा सभी दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर पंकज महतो ने कहा कि जिस तरह से हिंदू बेटी के साथ समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा मारपीट व शोषण करने का मामला सोशल मीडिया में आया वह काफी निंदनीय है। झारखंड सरकार से मांग करते हैं यथाशीघ्र दोषियों पर कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय व सुरक्षा मिले ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। मौके पर रामकुमार प्रजापति विनोद कुशवाहा, गिरधारी प्रजापति, बाबू महतो आदि मौजूद थे।

# धर्म परिवर्तन की बात अफवाह, घटना को अंजाम देनेवाले उपद्रवी, कार्रवाई हो : अंजुमन

अंजुमन ने ली पीड़ित परिवार की सुरक्षा की गारंटी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सिरमा गांव एवं मुस्लिम समुदाय को राजनीतिक दल एवं कुछ संगठन द्वारा टारगेट करते हुए बदनाम करने का काम किया जा रहा है। हकीकत से परे होकर सिर्फ और सिर्फ भ्रामक स्थिति उत्पन्न की जा रही है। पीड़ित परिवार के साथ पूरा गांव खड़ा था खड़ा है और भविष्य में भी खड़ा रहेगा। जो लोग घटना का अंजाम दिए हैं वे उपद्रवी लोग हैं। उक्त बातें सिरमा पंचायत भवन में सिरमा अंजुमन कमेटी द्वारा संयुक्त रुप से प्रेस वार्ता कर कहीं गई। प्रेस वार्ता में अंजुमन कमेटी के सचिव प्रोफेसर फजरुदीन ने विस्तार पूर्वक कहा कि 10 अगस्त की जो सोशल मीडिया में इस्लामी झंडा वायरल वीडियो को लेकर घटना स्वर्गीय तुलसी साव के परिजन के साथ घटित गांव के कुछ युवकों द्वारा किया गया वह बहुत ही निंदनीय है। उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई के लिए अंजुमन कमेटी प्रशासन को पूर्ण रूप से सहयोग कर रही है। इसी का परिणाम है कि दो लोगों को गिरफ्तार कराने में प्रशासन को पूर्ण रूप से सहयोग की गई। शेष बचे अभियुक्तों को गिरफ्तार कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रोफेसर फजरूद्दीन ने आगे कहा कि पूरे अंजुमन कमेटी मांग करती है कि कोई भी निर्दोष जेल नहीं जाए साथ ही साथ कोई दोषी बच्चे भी नहीं। उन्होंने कहा कि सिरमा गांव में चार घर हिंदू विगत 200 वर्षों से रह रहे हैं हर सुख दुख में पुरा गांव साथ रहे हैं। जब स्वर्गीय तुलसी साव कैंसर रोग से पीड़ित थे तो उन्हें चंदा चिट्ठा कर मुंबई, टाटा कैंसर हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा गया था। यहां तक कि इस गांव के मुंबई में रह रहे दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग भी वहां चंदा चिट्ठा करते हुए हर संभव मदद करने का प्रयास किया। हिंदू परिवार को पुरा गांव फूल की तरह रख रहे हैं एवं रखते रहेंगे। मैं व्यक्तिगत रूप से किरण देवी के ससुर अंशु साव को जमीन बिक्री किया हूं जिसका कुछ पैसा 10 वर्षों के बाद मिला। इस जमीन को लेने के लिए कई मुस्लिम समुदाय के लोग आगे आए लेकिन उन्हें नहीं दिया क्योंकि उनका साइड में था। उन्होंने कहा कि किरण देवी को गांव का महिला मोर्चा की अध्यक्षा बनाया गया है ताकि वे असहाय बच्चों का पालन पोषण कर सके। कई वर्षों से साक्षरता में किरण देवी पंचायत की प्रेरक के रूप में कार्य कर रही थी यदि ऐसी बात रहती तो इतने बड़ा बहुल मुस्लिम गांव में उसे इस तरह की पद प्रतिष्ठा नहीं दी जाती। प्रोफेसर फजरूद्दीन ने आगे कहा कि मैं जब तक जीवित हूं तब तक इस गांव के कोई भी लोग हिंदू परिवार का बाल बांका नहीं कर सकता है चाहे मेरी जान भी क्यों ना चली जाए। यही कारण है कि घटना के दिन के बाद से कई दौर मैं व्यक्तिगत रूप से उस परिवार से मुलाकात कर इस स्थिति से अवगत हो रहा हूं। उन्होंने पूरे देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस घटना को राजनीतिकरण नहीं दें। गांव में हिंदू-मुस्लिम की समरसता एवं संप्रदायिक एकता को बनाए रखने में मदद करें। भ्रामक फैलाकर गांव एवं क्षेत्र को बदनाम करने की साजिश को नाकाम में बदलने का काम किया जाए।

## हजारीबाग में तीसरा अटल टैलेंट हंट ओपेन स्टेट चेस टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

# शतरंज अपने आपमें अनूठा खेल : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग में शतरंज का राष्ट्रीय प्रतियोगिता संपन्न होने के बाद अब तीसरा अटल टैलेंट हंट ओपेन स्टेट चेस टूर्नामेंट -2022 का तीन दिवसीय आयोजन हजारीबाग शहर के डीवीसी चौक स्थित मौलाना आजाद इंडोर स्टेडियम में हो रहा है। इस राज्यस्तरीय टूर्नामेंट का आयोजक हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन है। हजारीबाग की धरती पर इस तीन दिवसीय तीसरा अटल टैलेंट हंट ओपेन स्टेट चेस टूर्नामेंट -2022 का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि शतरंज अपने आप में एक अनूठा खेल है। इसमें एक गलत चाल आपको मात दे सकती है। उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की याद में इस टूर्नामेंट के आयोजन के लिए हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन को साधुवाद दिया और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बेस्ट ऑफ लॉक कहा। इस टूर्नामेंट में संपूर्ण झारखंड प्रदेश के विभिन्न जिलों के कुल 119 प्रतिभागी खिलाड़ी भाग ले रहें हैं। टूर्नामेंट 9 राउंड में होना तय है। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 09 हजार और सहित पुरस्कार सहित कई पुरस्कार शामिल हैं। इसके अलावे 25 लोगों को आकर्षक ट्रॉफी के साथ टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में अन्य आमंत्रित अतिथियों में सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा, रिया अंबेकर, शैलेंद्र सिंह , सत्येंद्र सिंह शरीक हुए। टूर्नामेंट के आयोजन में हजारीबाग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव मनमीत अकेला, सदस्य ब्रजेश कुमार, राजन कुमार शाहा मुख्य रूप में अहम भूमिका निभा रहें हैं। टूर्नामेंट में चीफ निर्णयकर्ता के रूप में विनोद कुमार हैं।

# एक नजर

## कांग्रेस कार्यालय में मनी पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती



**हजारीबाग :** कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शनिवार को भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के ज्येष्ठ पुत्र राजीव गांधी ने मई 1981 में विमान सेवा के पायलट पद से त्यागपत्र देकर भारतीय राजनीति में प्रवेश किया और उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय सीट से कांग्रेस के टिकट पर भारी बहुमत से निर्वाचित होकर लोक सभा की सदस्यता ग्रहण की। इंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात 31 अक्टूबर 1984 को प्रधान मंत्री बने। ये अपने प्रधानमंत्रित्व काल में टेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर पर विशेष ध्यान दिया इसी कारण इन्हे आधुनिक भारत का निमार्ता भी कहा जाता है। मरणोपरांत इन्हे 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, इंटक के बिनोद सिंह, मिथिलेश दुबे, महासचिव ओम प्रकाश झा, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, उपेन्द्र कुशवाहा, मोहन राम के अलावे कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरगम इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण राधा सज्जा प्रतियोगिता



**बड़कागांव :** प्रखंड के हजारीबाग –बड़कागांव रोड स्थित सरगम इंटरनेशनल स्कूल में कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण बाल सच्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चे बाल रूप में कृष्णा एवं बाल रूप राधा का परिधान में दिखे। बाल रूप में राधा कृष्ण बनकर बच्चों ने सभी का मन मोहा। मौके पर विद्यालय के निदेशक राजेश सोनी ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता करने से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। और बच्चे उत्साहित भी होते हैं।मौके पर मुख्य रुप से प्राचार्य नुसरत जहां, शिक्षक सहेश्वर दांगी, शंकर कुमार, सरोज सोनी, विनोद साव, शंकर कुमार दास, अंशु कुमारी, संगीता कुमारी, नेहा कुमारी, मनीषा कुमारी, सोनी कुमारी, किशोर कुमार, नेहा कुमारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर मटका फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना की गई।श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही मन्दिरो में जुटने लगी जो देर शाम तक जारी रहा। यहां के अखाड़ा चौक स्थित वंशीधर मन्दिर, राम मंदिर, सिंहवाहिनी मन्दिर,अलपिटो,करगालो,अचलजामु, गोविंदपुर, गाल्होबार , नरकि समेत प्रखण्ड के विभिन्न मन्दिरो में पूजा अर्चना की गई।राममंदिर में बीती रात जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही करगालो में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता का उदघाटन मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने किया।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम होने से आपसी भाईचारे कायम होते है।आप सबो पर भगवान श्री कृष्ण अपनी कृपा बरसाते रहे ,आप सब स्वस्थ रहे यही कामना करता हूँ। मटका फोड़ प्रतियोगिता के विजेता बने दीपक कुमार महतो।मौके पर राधाकृष्ण पूजा समिति पटेल नगर करगालो के अध्यक्ष मनोज साव,सचिव राजेंद्र कुमार ,कोषाध्यक्ष थनु महतो,राजेश पटेल,प्रदीप पटेल,दिनेश पटेल,अमोद पटेल,समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय आकांक्षा परीक्षा में विवेक कुमार हुए सफल

**बड़कागांव :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के सिमरातरी गांव निवासी स्वर्गीय राजेश महतो के पुत्र विवेक कुमार ने राज्य स्तरीय आकांक्षा परीक्षा 2022- 24 में सफल हुए हैं।विवेक कुमार को आईएससी की पढ़ाई के साथ साथ मेडिकल की तैयारी का सारा खर्च झारखंड सरकार करेगी। इसके लिए पूरे राज्य में झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने परीक्षा आयोजित की थी जिसमें 21 हजार छात्र छात्राओं ने परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें पूरे झारखंड में 50 मेधावी छात्रों को मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी की सारे खर्च झारखंड सरकार करेगी। जिसमें विवेक कुमार ने बीसी2 कैटेगरी में 71.88 प्रतिशत लाकर सफलता हासिल कि। बताया जाता है कि हजारीबाग जिले में 3 छात्रों को चयन किया गया है। जिसमें बड़कागांव केरेडारी तथा चौपारण के बच्चे सफल हुए हैं। विवेक कुमार बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल में मैट्रिक की परीक्षा 89% लाकर सफलता हासिल की थी। इनकी पढ़ाई का मार्गदर्शन नाना रौशमणी महतो मां मसोमत उमा ,मामा शिक्षक विनोद कुमार, मामी शिक्षिका पूनम कुमारी, मामा सुनील कुमार मामी ममता कुमारी दादा छत्रू महतो का भरपूर सहयोग रहा। विवेक कुमार के सफलता पर बधाई देने वालों में प्रमुख फुलवा देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, उप प्रमुख बेचन कुमार, मुखिया लीलावती देवी मुखिया गीता देवी, मुखिया पारसनाथ महतो प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव के शिक्षक अशोक राम सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके भविष्य की कामना की है।

## चौपारण सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल स्थिति गंभीर

**चौपारण ।** चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरदारपुर स्थित एचपी पेट्रल पंप के समीप जेसीबी बहन के चपेट में आने से एक युवक घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत भुईयां पिता महेश भुईयां ग्राम पोरका इटखोरी थाना क्षेत्र उम्र 22 वर्ष दुपहिया वाहन जेएच बी02 बीएच 9303 अनियंत्रित जेसीबी वाहन के चपेट में आने से घायल ।ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को सी एच सी चौपारण लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के हजारीबाग भेज दिया गया चिकित्सकों ने जानकारी देते हुए बताया की घायल युवक स्थिति गंभीर है ।चौपारण थाना द्वारा दोनो वाहनों को कब्जे में कर लिया गया वहीं घायल के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## हजारीबाग डीएसई संतोष गुप्ता बने झारखंड शिक्षा सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड शैक्षिक परिषद रातु रांची में प्राथमिक शिक्षा झारखंड के उप निदेशक अरविंद विजय विलुंग की अध्यक्षता में संघ की बैठक हुई। इस बैठक में अध्यक्ष अरविंद विजय विलुंग के द्वारा पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया है। जिसमें शिव नारायण शाह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक प्लामू प्रमंडल को अध्यक्ष, हजारीबाग डीएसई संतोष गुप्ता और रामगढ़ डीएसई संजीत कुमार को उपाध्यक्ष, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी पेटरवार कैलाश मिश्रा को महासचिव, उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा झारखंड सचिदानंद डी तिग्गा और कोडरमा डीएसई नयन कुमार को संयुक्त सचिव, डीएसई रांची आकाश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अभय कुमार शील क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी चाईबासा को अंकेक्षण और डीएसई खूंटी प्रवीण रंजन को प्रवक्ता बनाया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


# रामगढ़ में बारिश ने मचायी तबाही, लोग परेशान

## भारी बारिश से दर्जनों घर गिरे, संग्रामपुर में नाली जाम होने से घरों में घुसा पानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखण्ड क्षेत्र में मूसलाधार बारिस से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। दिन भर लोग घरों में दुबके रहे। बारिश से क्षेत्र के दर्जनों कच्चा मकान ध्वस्त हो गया है। बरियातू पंचायत निवासी नरेश महतो का घर भारी बारिश से गिर गया। इस घर मे नरेश महतो, अघनी देवी, राजेंद्र महतो, अजय महतो, सुनीता देवी, राजेश महतो रहते थे। उनके पास रखने के लिए अब कोई आवास नहीं है। वही चोकाद पंचायत अंतर्गत चक्रवाली निवासी सतीश ठाकुर का घर भारी बारिस से गिर गया। इस मकान में सतीश ठाकुर, सबिता देवी, बबलू ठाकुर, रिशु, रशिव इसी मकान में रहते थे। वही हेमतपुर में भी प्रवेश महतो का मकान ध्वस्त हो गया। संग्रामपुर में पीसीसी पथ को बीच में काट कर नाली बनाया जा रहा है। सवेदक के द्वारा कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। नाली जाम हो जाने से पानी घरों में घुस गया। सड़क के तीन फीट ऊपर से पानी बह रहा है। हालांकि कई ग्रामीण नाली खोलने का प्रयास किये। लेकिन सफलता नही मिली। इसके अलावे कई गांवों में घर गिरे है।

## सौंदा डी मेन रोड पर गिरा विशाल पेड़, मची अफरा-तफरी, घंटों रही सड़क जाम



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रों में दो दिनों से हो रही लगातार बारिश और तेज आंधी ने जन जीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया हैं शनिवार की सुबह तेज आंधी व बारिश के कारण सौंदा डी में एक विशाल यूकेलिप्टस का पेड़ मुख्य सड़क पर गिर गया। जिससे पतरातू-भुरकुंडा-सौंदा डी मार्ग लगभग एक घंटे अवरुद्ध रहा। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा पेड़ को काट-छांटकर सड़क से हटाया गया। जिसके बाद आवागमन शुरू हो सका। वहीं कोयलांचल व ग्रामीण क्षेत्रों में भी दर्जनों पेड़ गिरने की सूचना है। कई जगहों पर पेड़ घरों के छत पर भी गिर गया जिससे अफरा-तफरी मची रही। सौंदा डी में पेड़ को सड़क से हटाने में उप मुखिया संजय भारती, संतोष कुमार, विक्की, जितेंद्र, कमलेश गुप्ता, राजू साव, मिन्हाज, डब्लू सहित अन्य शामिल रहे। इधर सयाल स्थित चीफ हाउस कॉलोनी में भी शनिवार दोपहर डेढ़ बजे करीब एक विशाल पीपल का पेड़ के गिरने से संतोष कुमार, जग्गू महतो, यदुनंदन का घर छतिग्रस्त हो गया। हलांकि किसी के हताहत की सूचना नहीं है।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रीय कमेटी ने की बैठक

# झाकोमयू मजदूरों एवं विस्थापितों के साथ खड़ी है : फागू बेसरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी :** उरीमारी चेक पोस्ट समीप झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में शनिवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के महामंत्री फागू बेसरा एवं विशिष्ट अतिथि जोनल सचिव जयनारायण महतो, उपाध्यक्ष राजकुमार महतो, पर्यवेक्षक सैनाथ गंझू, आरपीएन सिंह उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य अतिथि फागू बेसरा ने अपने संबोधन में कहा कि कोयला मजदूरों एवं विस्थापितों की लड़ाई लड़ी जाएगी। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन मजदूरों एवं विस्थापितों के साथ खड़ी हैं। यूनियन को बरका सयाल क्षेत्र में मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही साथ बरका सयाल क्षेत्र में क्षेत्रीय कमेटी का अनुमोदन दिया गया। इस बैठक में बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा एवं सचिव संजीव बेदिया को महामंत्री फागू बेसरा ने माला पहनाकर सम्मानित किया। आगे उन्होंने कहा कि केन्द्र के मोदी सरकार कोयला उद्योग को खत्म करना चाहती है। मोदी सरकार 160 कोयला खदानों को निजी मालिकों को बेच दिया है। जेबीसीसीआई वेतन समझौता में केंद्र सरकार 3% बढ़ोतरी करना चाहती है। जबकि कोल इंडिया हजारों करोड़ों की मुनाफा कमाई है। बैठक में मुख्य रूप से संजीव बेदिया, सोना राम मांझी, संजय करमाली, रुस्तम सोहराब, संजय कुमार वर्मा, धनंजय वर्मा, मोहन सोरेन, बहादुर मांझी, राम नारायण प्रसाद, महावीर प्रसाद, उदय मालाकार, उदय मेहता, राजेश सिंह, दिनेश टुडू, जितेंद्र सिंह, वासुदेव उरांव, शाहनवाज खान, सुखलाल मांझी, गोरखनाथ भर, धनेश कुमार ,सुरेंद्र सिंह, हामिद अंसारी, शिवसागर सिंह, कुंजेश्वर मंडल, नंदलाल दास, चंदा गंझू, अरुण बनर्जी, संजय सोरेन, प्रकाश करमाली, संतोष सिंह, महेंद्र राणा, निशांत रंजन सहित यूनियन के लोग मौजूद थे।

## बच्चों का आहार सेविका के पति घर ले जाते ग्रामीणों ने पकड़ा



**कान्हाचट्टी :** प्रखंड पंचायत बकचुम्मा गांव जोरी के आंगनबाड़ी केंद्र से सेविका शीला सिंह के पति मनोज सिंह ने पोषण आहार आंगनबाड़ी केंद्र से घर ले जाते ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा। ग्रामीणों के देखते मनोज सिंह के अंदर घबराहट आ गया। जब ग्रामीणों से बातचीत होने लगा तब मनोज सिंह बोले तुम लोग का कहां तक पहुंच है मुझे अच्छी तरह से पता है। बताते चलें कि जहां एक ओर सरकार बच्चों के कुपोषण को दूर करने की प्रयास किया जा रहा है वही कुछ स्वार्थ लोग बच्चों का निवाला छीनने में लगे है। इसीलिए बच्चों को सही प्रकार से अल्पाहार नहीं मिलने के कारण कुपोषण का शिकार हो जाते हैं जिससे शारीरिक मानसिक बौद्धिक सही प्रकार से विकास नहीं हो पाता है। इसीलिए ग्रामीणों ने जिला बाल विकास को आवेदन लिखकर दिया है ।

## हम सबों के प्रेरणास्त्रोत थी स्व सुगनी देवी : चंद्रप्रकाश चौधरी

**चितरपुर (आजाद सिपाही) ।** चितरपुर के समाजसेवी सह पवन सारेगामा म्यूजिकल ग्रुप के निदेशक पवन की माता स्व सुगनी देवी की प्रथम पुण्यतिथि शनिवार को चितरपुर बाजारटांड़ में मनाया गया। जहां इनके पति वंशी महतो, पुत्र मेहरू दांगी, मुकेश दांगी, पवन दांगी, प्रदीप दांगी, संजय दांगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्व सुगनी देवी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो उर्फ डीएम ने भी स्व सुगनी देवी के चित्र पर पुष्प चढा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर सांसद ने कहा कि स्व सुगनी देवी हम सबों के प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने धर्म कर्म के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई हैं। उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। कहा कि आज वे हमारे बीच नहीं है पर उनके आदर्श हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

### पुण्यतिथि कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

पुण्यतिथि कार्यक्रम में डीएवी रजरप्पा प्राचार्य हिमांशु कुमार झा, भाजपा युवा नेता राजीव जायसवाल, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, आजसू के वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा, मुखिया किशुनराम मुंडा, मुखिया किरण कुमारी, अधिवक्ता कुमुद रंजन,शशिकांत सिंह, रमेश दांगी, सतलाल दांगी, संजय दांगी, समरेश कुमार, पंचम दांगी आदि मौजूद थे।

### पुण्यतिथि के मौके पर गरीबो के बीच बांटा गया वस्त्र

स्व सुगनी देवी का प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व गायक पवन दांगी के द्वारा सैकड़ो गरीबों के बीच साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर गायक सह समाजसेवी पवन दांगी ने कहा कि मेरी मां मेरे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके आशीर्वाद से आज में हर काम करता आ रहा हूँ और आगे भी करता रहूंगा।

## धान अधिप्राप्ति से संबंधित डीसी ने की बैठक, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम वर्ष में धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान ने कई आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में कुल चयनित 23 पैक्स द्वारा किए गए धान अधिप्राप्ति उठाव की जानकारी एवं ट्रांसपोर्टर द्वारा कोडरमा, रामगढ़ स्थित मिल को भेजे गए धान की विस्तृत जानकारी एक एक कर उपस्थित सभी पैक्स अध्यक्ष से लिया। वहीं बैठक में उपायुक्त ने कहा की जिनके द्वारा ससमय धान मिलर के पास भेजने का कार्य को पूर्ण कर लिया गया है उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा तथा जिनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गई है उसे 24 घंटे के अंदर धान मिलर के पास भेजने का निर्देश दिया गया। अगर इस अवधि में पैक्स अध्यक्ष द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम हजारीबाग अरविंद कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी सभी ट्रांसपोर्टर, सभी पैक्स अध्यक्ष, समेत संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

## जय हिंद क्लब द्वारा आयोजित दस दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**कान्हाचट्टी :** जय हिंद क्लब के द्वारा दस दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन शनिवार को हुआ। फाइनल मैच में लावाकुदर की टीम ने कोल्हैया को 2.0 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ ( बिरजू तिवारी) मुख्य रूप से उपस्थित थे। विजेता टीम को खस्सी व कप, उप विजेता टीम को खस्सी कप देकर जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी ने सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन होने से प्रतिभावन खिलाड़ियों को मंच मिलता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर नाम रौशन करने की बात कही। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिए। फुटबॉल टूनार्मेंट के समापन मौके पर उपप्रमुख सुमन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, अवधेश सिंह, उदय सिंह, अधीर सिंह, पप्पू सिंह, विनोद सिंह समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे!

# बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा के साथ नैतिकता का भी पाठ पढ़ायें : ख्यालीराम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़ :** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर, रामगढ़ में प्रांतीय योजना अनुसार दो दिवसीय प्रांतीय प्रधानाचार्य बैठक का आयोजन किया गया। विद्या भारती झारखंड के क्षेत्रीय एवं प्रांतीय अधिकारी सहित ए और बी श्रेणी के विद्यालयों के सभी 105 प्रधानाचार्य ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं गीत भजन के साथ हुई।कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम, प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, रांची विभाग प्रमुख फणींद्र नाथ झा, स्थानीय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, अध्यक्ष सुरेश बगड़िया एवं सचिव शंकर लाल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

### बच्चों और अभिभावकों की वस्तुस्थिति जानने के लिए अभिभावकों से करें संपर्क : ख्यालीराम

विद्यालय के प्रधानाचार्य, आचार्य, समिति के सदस्य समय-समय पर छात्र- छात्राओं के घर जाकर अभिभावको से संपर्क करे। जिससे बच्चे एवं अभिभावकों की वास्तविक स्थिति पता चलेगा। साथ ही विद्यालय व्यवस्था से संबंधित चर्चा करनी चाहिए। ताकि विद्यालय और अभिभावकों के बीच आत्मीय भाव जागृत हो। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने आगे कहा कि आज का युग कंप्यूटर तथा तकनीकी का है। प्रधानाचार्य को भी तकनीकी शिक्षा में पारंगत होना चाहिए।

### बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा मिले : अजय तिवारी

मौके पर विद्या विकास समिति ,झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने सभी प्रधानाचार्य को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में सभी भैया - बहनों का सर्वांगीण विकास हो ,संस्कार युक्त शिक्षा मिले ,बच्चे, आचार्य एवं विद्यालय का उत्थान हो इसके लिए योजनाबद्ध होकर कार्य करने की आवश्यकता है। शिशु मंदिर की योजनाओं को सफल बनाने में समर्पित होकर कार्य करें।

### शिक्षक देश के भविष्य का निर्माता हैं : सुरेश बगड़िया

कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेश बगड़िया ने सभी आगंतुक प्रधानाचार्य को संबोधित करते हुए कहा शिक्षक जगतगुरु है ,वे देश के भविष्य के निमार्ता है। मौके पर विद्या विकास समिति, झारखंड के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, ओम प्रकाश सिन्हा, तुलसी प्रसाद ठाकुर , विवेक नयन पांडेय, मनोज भारद्वाज, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

पेज 1 का शेष

## तीन घंटे चली बैठक

दरअसल यह बैठक राज्य में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए बुलायी गयी थी, लेकिन इस दौरान राज्य के राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में भाजपा की मंशा पर भी सवाल उठा। कहा गया कि कैसे भाजपा सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। कैसे साजिश रच रही है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले विधायकों ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन उनके नेता थे और वही रहेंगे। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा, हेमंत मुखिया हैं और रहेंगे। वहीं विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी कहा कि नेतृत्व पर किसी तरह का कोई संकट नहीं है। कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सरकार के भविष्य को लेकर अफवाह फैलायी जा रही है। ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि बैठक में सुखाड़ पर चर्चा हुई है और यह भी तय हुआ है कि विधायकों की समस्या का समाधान गंभीरता से किया जायेगा। सियासी संकट पर किसी विधायक ने आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन माना जा रहा है कि बैठक में इस पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष हर तरह के फैसले को लेकर अपनी तैयारी में है। सत्ता पक्ष के विधायक पूरी तरह से मुख्यमंत्री के साथ एकजुट हैं।

**बैठक में पांच विधायक नहीं पहुंचे**

बैठक में झामुमो के तीन और कांग्रेस के दो विधायक नहीं पहुंचे थे। इनमें चमरा लिंडा, समीर मोहंती, सरफराज अहमद, पूर्णिमा नीरज सिंह और भूषण बाड़ा के नाम शामिल हैं। उधर, कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप) पहले से कैश कांड के कारण कोलकाता में हैं। ममता देवी स्वास्थ्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हुई, जबकि शिल्पी नेहा तिर्की दिल्ली में हैं। इन दोनों ने इसकी लिखित सूचना कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को दे दी थी।

# सांसद गये अपने प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति के घर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू ।** मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सह कुजू निवासी जगेश्वर प्रजापति के चाचा गोपाल प्रजापति (68 वर्ष) के निधन पर मुरपा स्थित आवास पर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा गमगीन परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने जगेश्वर प्रजापति समेत शोकाकुल परिवार को ढांढ़स बंधाते और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में साथ रहने का वायदा किया। सांसद जयंत सिन्हा ने जगेश्वर प्रजापति से गोपाल प्रजापति के निधन होने के कारण जानने का प्रयास किया। जगेश्वर प्रजापति ने बताया कि उनके चाचा गोपाल का हृदय गति रुक जाने से निधन हुआ है। इस दौरान क्षेत्र के सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी केंद्र, कुजू रेलवे साइडिंग से बढ़ते जहरीली प्रदूषण के अलावे बुनियादी सुविधाओं को बेहतर ढंग से बहाल करने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर श्री सिन्हा ने जैनसन पेट्रोल पंप कुजू से देवी मंडप होते हुए मुरपा फोरलेन मार्ग तक पीसीसी पथ निर्माण कराने के मामले में डीडीसी रामगढ़ से दूरभाष पर बात कर जानकारी ली। वही, सांसद मद से बन रहे गार्डवाल का भी निरीक्षण किया। इधर, सांसद ने जगेश्वर प्रजापति के शोकाकुल पड़ोसी जगदीश महतो के आवास पहुंचकर जानकारी ली। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, प्रखंड मंत्री डिंपल प्रजापति, सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद, प्रकाश केसरी, दशरथ प्रसाद केसरी, छोटन प्रजापति, पिंटू कुमार, जगदीश महतो, शीला कुमारी, मनसरी देवी, सुमन देवी, शांति देवी मौजूद रहे।

# एक नजर

## सयाल में धूमधाम से मनाया गया कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव

**उरीमारी ।** सयाल पुराना शिव मंदिर में शुक्रवार को धूमधाम से कृष्णा जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। जिसमें भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर समिति के अध्यक्ष पम्मी कुमार एवं सयाल उत्तरी पंचायत समिति सदस्य कंचन कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं रांची की गायिका गौरी पांडे के भजन पर दर्शक झूमते रहे। कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति के पुराना शिव मंदिर कमेटी को उनके मंदिर के प्रति कार्यों को खूब सराहा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मंदिर परिसर में छोटे-छोटे बच्चे बच्चियां राधा कृष्ण के वेशभूषा धारण कर पहुंचे थे जिसे देखकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप कुमार उर्फ पिंटू सिंह, वीरेंद्र पासवान, रामविलास यादव, छोटन सिंह, विनोद मिश्रा, सनी कुमार, उषा देवी, अनुपा रानी, बंटी कुमार, शशि दुसाद, भूषण विमलेश कुमार, सोनू भगत, सुकेश भगत, अंकित सिंह, बबलू कुमार, विशाल पासवान, दीपक, प्रदीप, रामकृपाल, धीरज, ऋषि, मारुति, अजय, आशीष सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डिजिटल इंडिया पूरा देश बन चुका है, उसके सूत्रधार थे राजीव गांधी : सुधीर मंगलेश

**रजरप्पा ।** दुलमी प्रखंड के सिरू बुधबाजार मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी के जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि के रूप मे दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक थे। राजीव गांधी आज इस दुनिया में नहीं है लेकिन लोकप्रिय जननेता और प्रधानमंत्री के रूप मे देश को विकास पथ पर ले जाकर अंतराष्ट्रीय जगत मे उन्होंने भारत को आधुनिक खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने मे विशेष भूमिका निभाई। राजीव गांधी ऐसे भगीरथ थे जो विकास गंगा की अविरल धारा को हिमालय से कन्याकुमारी तक ले जाना चाहते थे उन्होंने अपने निष्कंटक सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में जिस भूमिका का निर्वहन किया उसमें वे पूर्ण रूप से कुन्दन की तरह खरे उतरे व राजीव गांधी भारत मे सूचना प्रौद्योगिकी के सूत्रधार थे आज जिस डिजिटल इंडिया की बात पुरा देश कर रहा है। उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी। उन्होंने संचार क्रांति का शंखनाद किया और देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक बने जन मानस मे सर्वप्रिय जन नेता की अमिट छाप छोड़ी।

## जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर राधा-कृष्ण का रूप धर नन्हे बच्चे ने मोहा मन



**भुरकुंडा।** भुरकुंडा के शिवनगर कॉलानी स्थित मां तारा मंदिर मे मंगलवार को भजन-किर्तन, हवन, भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुहल्ले के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की भूमिका का रूप धर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान राधा-कृष्ण के धार्मिक संगीत के धुन पर बच्चे नृत्य करते दिखें। मंदिर के पुजारी अनिल मिश्रा ने कहा कि बच्चों में भगवान बसते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला अपरम्पार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी अनिल मिश्रा, विक्की मिश्रा, दिलीप मिश्रा, अशोक साव, रविन्द्र कुमार, आलोक कुमार, सरोज राणा, मिन्टू सिंह, रिणा देवी, तारा देवी, आशा सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। इधर पटेलनगर भुरकुंडा स्थितकृष्ण ठाकुरबाड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी को ले मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का रूप धारण कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान हरि-कीर्तन का भी आयोजन हुआ। रात्रि श्री कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। अनुष्ठान को संपन्न कराने में पुजारी ब्रज किशोर पाण्डेय का विशेष योगदान रहा। पूजा-अर्चला में बतौर यजमान कुणाल सिंह व नवीन ठाकुर शामिल हुए।

## भुरकुंडा बाजार ठाकुरबाड़ी मंदिर में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार की रात्रि पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इधर हर वर्ष की भांति भुरकुंडा बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के जन्म उपरांत पूरे विधि-विधान से भूगल किशोर पांडेय द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कराई गई। इस दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा को ले नंदकिशोर पांडेय, अजय पांडेय, रूद्राक्ष पांडेय द्वारा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सही ही आकर्षक लाईटिंग की भी व्यवस्था की गई थी। पूजा के बाद राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, गौरी साव, किशोर साव, संजय साव, सुभाष नायक, गणेश साव द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा में फूलझरी देवी, संतोषी कुमारी, पुष्पा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए।

## छतरनाला में बाढ़ का पानी बढ़ने से पुल टूटने की संभावना, कई गांव आवागमन से होगा बाधित

**रजरप्पा ।** झारखंड में हो रहे लगातार 3 दिनों की भारी बारिश से कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई है एक तरफ तो ध्यान रखने के बाद किसानों के खेतों में पानी लबालब भर गया और दूसरी ओर ग्रामीण सड़कों पर बने विभिन्न नालों में एक दूसरे के गांव को जोड़ने वाला पुल का खतरे के निशान से अधिक बाढ़ आ जाने से कई गांव का आवागमन टूट सकता है रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुंदरू कला गांव के छतर नाला में बाढ़ का पानी बहुत अधिक बढ़ गया है और लगातार बारिश होने से निमार्णाधीन पुल के नीचे बना आपातकालीन पूल टूटने की कगार पर पहुंच चुका है पुल के बगल में लगा बिजली का तार टूटा और खंभा गिरा जिस से पूरी तरह से बिजली आपूर्ति ठप हो गई है अगर यदि देर रात पुल टूट जाएगा तो दर्जनों गांव का आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाएगा बाढ़ का जलस्तर इस कदर बढ़ रहा है कि कभी भी पुल को अपनी चपेट में ले कर धराशाइ ई कर सकता है। अगर जल्दी भारी वाहन का आवागमन रहा तो कभी भी पुल टूट सकता है और ग्रामीणों को काफी संकट का सामना करना पड़ सकता है लगातार हो रही 3 दिनों से भारी बारिश के कारण क्षेत्र में काफी अफरातफरी मच गई है दूसरी और किसानों को बहुत ज्यादा अधिक बारिश होने से खेत में लगाए धान फसल भी डूबने की आशंका बनी हुई है।

## पटेलनगर ठाकुरबाड़ी मंदिर में मनी कृष्ण जन्माष्टमी, भजन-कीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

**भुरकुंडा ।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में शुक्रवार की रात्रि पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी को ले ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में लगभग 300 महिलाओं ने सामूहिक पूजन किया। पुरोहित राम कुमार पाठक के देख-रेख में आयोजित पूजन-अनुष्ठान में बतौर यजमान नरेंद्र तिवारी पत्नी गायात्री तिवारी, उत्तम सिन्हा पत्नी बबीता सिन्हा शामिल हुए। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण का जन्म हुआ। इसके बाद भजन-कीर्तन, सोहर गये गये। इसके पूर्व मां शक्ति के आह्वान किया। तत्पश्चात राधा-रानी के आहवान के बाद श्री कृष्ण की पूजा-आराधना की गई।

## राहम के पूर्व सरपंच मदन पांडे का निधन

**टंडवा ।** राहम के पूर्व सरपंच मदन मोहन पाण्डेय का शनिवार सुबह स्वर्गवास हो गया। सरपंच बतौर उन्होने राहम पंचायत के वर्ष1972 से 1998 तक रहे थे।इधर इनके निधन पर सिमरिया विधायक किशन कुमार दास,पूर्व मुखिया अक्षयवट पांडेय, इदरीश असारी, कामेश्वर पांडेय, विजय पांडेय आदि ने दुख व्यक्त किया है।

# संदेह का घेरा

कुछ दिनों पहले दिल्ली के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नयी आबकारी नीति को लेकर अनियमितताओं के लग रहे आरोपों की जांच के लिए खुद सीबीआइ जांच की मांग की थी। अब सीबीआइ ने उनके ही घर पर छापे मार दिए। इसे लेकर एक बार फिर भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल पड़ा है। आम आदमी पार्टी का पुराना आरोप है कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देना चाहती, इसलिए इस तरह सीबीआइ आदि के छापों से उन्हें परेशान करने की कोशिश कर रही है। हालांकि उनका दावा है कि वे पाक-साफ हैं और सीबीआइ को उनके यहां से कुछ नहीं मिलने वाला, वे जांच में पूरा सहयोग करेंगे, मगर वे जिस तरह इसे लेकर विचलित हैं, उससे संदेह का घेरा कुछ बड़ा होता है। हालांकि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी का रिश्ता पुराना है। मगर नयी आबकारी नीति को लेकर उपराज्यपाल ने इसलिए एतराज जताया कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव ने जांच कर शराब की बिक्री में अनियमितता उजागर की थी। खुद मनीष सिसोदिया ने भी स्वीकार किया कि तत्कालीन उपराज्यपाल की मंजूरी के बाद नयी आबकारी नीति लागू की गई थी, मगर आखिरी वक्त में राज्यपाल ने चूंकि अनधिकृत कालोनियों में शराब की बिक्री को मंजूरी नहीं दी थी, जिसकी वजह से कुछ गड़बड़ियां हुईं। दरअसल, पिछले साल दिल्ली सरकार ने शराब की बिक्री में गड़बड़ियों का हवाला देकर नयी आबकारी नीति लागू की थी। सरकारी दुकानें बंद कर-के निजी विक्रेताओं को लाइसेंस दे दिये थे। इस तरह लगभग आधी दुकानें बंद भी हो गई थीं। इस पर आम आदमी पार्टी का कहना था कि चूंकि जिन लोगों की दुकानें बंद हुईं, वे भाजपा के करीबी थे और उन्होंने ही इसे लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया। फिर जब उपराज्यपाल ने नयी आबकारी नीति की सीबीआइ जांच के आदेश दिये और फिर कई आबकारी अधिकारियों को निलंबित कर दिया, तब दिल्ली सरकार ने उसे रद्द करके पुरानी नीति ही लागू कर दी। तभी यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठा कि अगर नयी आबकारी नीति में कुछ गलत नहीं था तो दिल्ली सरकार ने उसे वापस क्यों लिया। सीबीआइ से वह भी जांच कराना ही चाहती थी, फिर अब केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने की क्या तुक! शराब की बिक्री से राज्य सरकारों को राजस्व की भारी कमाई होती है, इसलिए वे शराब के ठेकों आदि के लाइसेंस देने संबंधी नीतियों में बदलाव करती रहती हैं। उसका दावा था कि पहले छह हजार करोड़ रुपए का राजस्व मिलता था, जो नयी आबकारी नीति के बाद बढ़ कर साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये हो गया। मगर राजस्व उगाही के नाम पर शराब की बिक्री में किसी भी तरह की अनियमितता को उचित नहीं ठहराया जा सकता। छिपी बात नहीं है कि नयी आबकारी नीति के बाद किस तरह दुकानों पर एक पर दो या तीन तक बोतलें मुफ्त मिलने का सिलसिला शुरू हो गया था। यह सब क्यों और कैसे हुआ, आम लोगों की समझ से बाहर का गणित था। अब जब सीबीआइ ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है, तो हकीकत पर से पर्दा उठने की उम्मीद बनी है। मगर अपेक्षा की जाती है कि इस मामले को राजनीतिक रंग देने के बजाय निष्पक्ष रूप से हल किया जाए।

**आम आदमी पार्टी का पुराना आरोप है कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देना चाहती, इसलिए इस तरह सीबीआइ आदि के छापों से उन्हें परेशान करने की कोशिश कर रही है।**

**भारत की 7500 किलोमीटर लंबी तट रेखा, 14500 किलोमीटर संभावित नौकाचालान योग्य जल मार्गों और प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों पर रणनीतिक स्थान का फायदा उठाते हुए देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिये सागर माला कार्यक्रम पत्तन, पोत परिवहन और जल मार्ग मंत्रालय का फ्लैगशिप कार्यक्रम है। इसका प्रमुख विजन न्यूनतम अवसंरचना निवेश के साथ एग्सिम और घरेलू व्यापार के लिये लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है।**

# सागर माला योजना : नये भारत के विकास का अहम सेंटर बनाने की ओर अग्रसर



**सुखदेव वशिष्ठ**

भारत की भौगोलिक स्थिति एक तरफ बड़ा तटीय क्षेत्र प्रदान करता है तो दूसरी ओर, तटीय क्षेत्र को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी बहुत बड़ी है।

भारत की 7500 किलोमीटर लंबी तट रेखा, 14500 किलोमीटर संभावित नौकाचालान योग्य जल मार्गों और प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों पर रणनीतिक स्थान का फायदा उठाते हुए देश में पत्तन आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिये सागर माला कार्यक्रम पत्तन, पोत परिवहन और जल मार्ग मंत्रालय का फ्लैगशिप कार्यक्रम है। इसका प्रमुख विजन न्यूनतम अवसंरचना निवेश के साथ एग्सिम और घरेलू व्यापार के लिये लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है।

बंदरगाहों और जलमार्ग बुनियादी ढांचे के विकास के लिए केंद्र की प्रमुख परियोजना सागरमाला में हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत, वर्ष 2035 तक कार्यान्वयन के लिये 5.53 लाख करोड़ रुपए से अधिक के अनुमानित निवेश की 802 परियोजनाओं की पहचान की गई है जिनका कार्यान्वयन प्रमुख रूप से निजी या पीपीपी माध्यम से किया जा रहा है। सागर माला योजना का मुख्य फोकस है बंदरगाह के बुनियादी ढांचे का आधुनिकरण, बंदरगाहों से संबंधित सक्रिय नीति उपयोग और हितधारकों को संस्थागत ढांचा प्रदान करना, टिकाऊ और कुशल परिवहन बुनियादी ढांचे का विकास करना ताकि सभी बंदरगाहों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ा जा सके और उनकी उपलब्धता से सर्वोत्तम प्राप्त किया जा सके।

**केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के अनुसार सागरमाला योजना के तहत 2024 तक दो करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा।**



**प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, 'सागरमाला कार्यक्रम के जरिए देश की कोस्टल इकोनॉमी को मजबूत किया जा रहा है, पुराने बंदरगाहों के आधुनिकरण के साथ ही नये बंदरगाह बनाये जा रहे हैं। सरकार ने कोस्ट पर कनेक्टिविटी और वहां के इनफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने के लिये सागर माला कार्यक्रम शुरू किया है।'**

अनजाने कारणों से, भारत में अब तक सरकारों ने राष्ट्र के लिए एक अच्छी तट रेखा विकसित करने पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित नहीं किया है जो तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है। अगर हम दुनिया के कुछ विकसित देशों जैसे नीदरलैंड, दुबई, कोरिया, जापान, चीन को देखें; इनमें से कुछ देशों के पास भारत से बड़ा समुद्र तट नहीं है लेकिन फिर भी उन्होंने बिना किसी बाधा के निर्यात आयात के लिए आधुनिक तकनीकों के साथ अपना तट विकसित किया है।

सागरमाला परियोजना में भारत सरकार ने लगभग 1200 छोटे और बड़े द्वीपों की पहचान की है जिनमें उचित सतर्कता और ट्रैकिंग के लिए लगभग 189 लाइट हाउस होंगे। इससे समग्र व्यापार और पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। तटीय आर्थिक क्षेत्र आधुनिक समर्थन और नियोजित बुनियादी ढांचे के साथ बनाए जाएंगे और इन टाउनशिप और द्वीपों में अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने वाले पर्याप्त वित्तीय प्रोत्साहन के साथ होंगे।

उदाहरण के लिए, गुजरात में कांडला बंदरगाह एक ऐसा बंदरगाह है जिसके पास दो लाख एकड़ से अधिक भूमि है और इसे सीईजेड के रूप में विकसित किया जाएगा। सागरमाला योजना उपकरणों और आईटी के व्यापक उपयोग को संभालने के लिए पर्याप्त रूप से विकसित करने के लिए नये और मौजूदा बंदरगाहों के पुनर्विकास का कार्य करेगी और इस प्रकार दिन-प्रतिदिन की व्यावसायिक गतिविधि के लिए एक बेहतर निगरानी और हाई-टेक बुनियादी ढांचा लाएगी। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, जो भारत के सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक है, को अकेले सेज के रूप में विकास के लिए 4,000 करोड़ रुपये की बड़ी राशि मिलेगी। यह मॉडल पोर्ट इस तरह से बुनियादी ढांचे का निर्माण करेंगे जिससे बड़े जहाजों को अधिक संख्या में डॉक किया जा सके। जिससे आसान बंदरगाह गतिविधि को सुविधाजनक बनाया जा सके। ये बंदरगाह रसायन, ऊर्जा, कोयला और अन्य वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इसके साथ ही अंतर जलमार्ग भी विकसित किये जाएंगे ताकि पूरे देश और ये सभी बंदरगाह पूरे देश में मुख्य भूमि के साथ अच्छी तरह से जुड़े रहें।

भारत के पास एक विशाल समुद्र तट है और इससे इन बंदरगाहों को अक्षय ऊर्जा के स्रोत बनाने के लिए एक लाभ केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए बहुत सारे अवसर मिलते हैं और यह एक और खंड है जिस पर सरकार ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके लिए बहुत अधिक विदेशी निवेश की आवश्यकता होगी। इन केंद्रों से उत्पन्न बिजली इन तटीय क्षेत्रों और उनके बुनियादी ढांचे को पोषित करेगी ताकि जरूरत के हिसाब से बिजली आपूर्ति बनी रहे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के अनुसार सागरमाला योजना के तहत 2024 तक दो करोड़ रुपये की परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा।

सागरमाला परियोजना के कुछ दुष्प्रभाव भी संभावित हैं। मुख्य नुकसान यह है कि यह तटों के किनारे रहने वाले मछुआरा समुदाय के जीवन को व्यापक रूप से प्रभावित करेगा। पर्यावरण पर गंभीर खतरे भी होंगे जैसे कि इसके परिणामस्वरूप तटीय क्षरण, ड्रेजिंग की समस्या, तटीय अभिवृद्धि के मुद्दे और इस परियोजना के कारण समुद्र के बुरे प्रभाव हो सकते हैं। ब्रेकवाटर के निर्माण का भी समुद्र की धाराओं पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे समुद्र में मछली पकड़ना मुश्किल हो रहा है। बंदरगाहों में बड़ी परियोजनाओं की शुरूआत उस क्षेत्र में बंदरगाहों की ढांचागत स्थितियों के समन्वय में नहीं लगती है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में, 'सागरमाला कार्यक्रम के जरिए देश की कोस्टल इकोनॉमी को मजबूत किया जा रहा है, पुराने बंदरगाहों के आधुनिकरण के साथ ही नये बंदरगाह बनाये जा रहे हैं। सरकार ने कोस्ट पर कनेक्टिविटी और वहां के इनफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने के लिये सागर माला कार्यक्रम शुरू किया है।' यह योजना पूरे तटीय इलाके को नये भारत के विकास का अहम सेंटर बनाने की ओर अग्रसर है। ब्लू इकोनॉमी में भारत की शक्ति निश्चित ही निकट भविष्य में बढ़ेगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# लगातार बारिश से जमशेदपुर की लाइफ लाइन मानी जानेवाली दोनों नदियों का बढ़ा जलस्तर

**जिला प्रशासन ने निचले स्तर के लोगों से की सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर में लगातार हो रही तेज हवा के साथ लगातार बारिस में जमशेदपुर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली सुवर्णरेखा और खरकाई नदी का जलस्तर खतरे से ऊपर बहने लगा है। जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए निचले स्तर के लोगों को ऊंचे स्थान पर सुरक्षित रहने की अपील की है। उधर बागबेड़ा के नया बस्ती के लगभग 30 से 40 घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश करने का अनुमान लगाया जा रहा है। बाढ़ का पानी घुसने से स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है। बताया जा रहा है शुक्रवार देर रात से लगातार बारिस में बाढ़ का पानी नाला के माध्यम से घरों में प्रवेश करने लगा है। निचले इलाके के लोगों ने मकान खाली करना शुरू कर दिया है। निचले इलाके के रहने वाले अनिल महतो, नंदलाल गुप्ता, आलोक लोहार, विनोद साहू के आलावे अन्य लोगों के घर में पानी प्रवेश कर चुका है। भाजपा नेता सुबोध झा ने जिला प्रशासन से निचले इलाके में रहने वाले लोगों के लिए सरकार की ओर से सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। सुबोध झा ने कहा निचले इलाके के बस्ती वासियों के लिए प्राथमिक विद्यालय, लोहिया भवन, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रहने की सूचना सामाजिक स्तर पर कर दी गई है। उन्होंने कहा बीती रात्रि से बारिश होने के कारण बिजली गुल होने से समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। लोगों को मोटर के माध्यम से पानी प्राप्त नहीं हो पा रहा है। बागबेड़ा हाउसिंग कॉलोनी में पानी सप्लाई नहीं होने से लोग काफी परेशान हैं। बारिश और तूफान के चलते कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े पेड़ गिर गये हैं। पेड़ गिरने से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। फिलहाल उन्होंने जिला प्रशासन से सहयोग करने की अपील की।

# तेज हवा के साथ बारिश ने शहर व आसपास क्षेत्र के जनमानस को किया अस्त-व्यस्त

**पेड़ गिरने से बिजली विभाग की बढ़ गयी परेशानी**

**जिला प्रशासन ने की सहयोग करने की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर व आसपास में लगातार हो रही बारिश से जनमानस अस्त-व्यस्त हो गया है। तेज रफ्तार हवा के साथ बारिस से गैर टिस्को क्षेत्र में बिजली की समस्या उत्पन्न होने लगी है। जमशेदपुर के बड़े हिस्से में ओवरहेड वायरिंग सिस्टम के जरिए बिजली की आपूर्ति की जाती है। लगातार हो रही तेज हवा के साथ बारिस में कई पेड़ व पेड़ की शाखाएं ओवरहेड लाइन पर गिर गयीं। साथ ही कहीं कहीं 33 केवी व 11 केवी लाइनों में इंसुलेटर भी पंक्चर हो गया। जिसके कारण शहर व आसपास क्षेत्र के कई इलाके में बिजली नहीं है। बिजली विभाग की टीम पर्याप्त मानवशक्ति के साथ बिजली आपूर्ति के लिए काम कर रही है। लेकिन लगातार बारिश के कारण कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जिला प्रशासन ने क्षेत्र की जनता से सहयोग करने की अपील की है।

# गोइलकेरा पुलिस ने पांच पशु तस्करों को किया गिरफ्तार, 41 गोवंशीय पशु बरामद



**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** गोईलकेरा थाना की पुलिस ने पांच पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 41 गोवंशीय पशु भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के सोरडा से पशु तस्कर गोवंशीय पशुओं को आनंदपुर, समीज व दलकी के रास्ते ले जा रहे हैं। सूचना के आलोक में गोईलकेरा थाना इलाके के ओरेंगा के पास छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मनोहरपुर के ढीपा निवासी घनश्याम पूर्ति, तुमकु सुरीन, ओडिशा के बिसरा थाना क्षेत्र के बुदुलजोर निवासी शिबू उरांव, भोला उरांव और प्रभु उरांव शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में इन पांचों आरोपियों के अलावा सोनुआ थाना क्षेत्र के बारी गांव निवासी विवेकानंद प्रधान और कोलेबिरा के जलडेगा निवासी शेख शमीम हुसैन के खिलाफ भी नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पकड़े गए आरोपियों ने पशु तस्करी में इनकी संलिप्तता की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि गोवंशीय पशुओं को कत्ल कर बेचने की मंशा से सोरडा से ओरेंगा, लोढ़ाई और टोकलो होते हुए बंगाल ले जाने की योजना थी। इस संबंध में गोईलकेरा थाने में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बारिश से घाटशिला के गोटीडुबा में वृद्ध दंपति के घर पर गिरा पेड़, उजड़ा आशियाना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के दामपाड़ा के पास गोटीडुबा गांव में एक वृद्ध दपंत्ति अपना जीवन यापन किसी तरह से करते हैं। उनका टूटा फूटा एक मकान है। शुक्रवार की रात को तेज बारिश के कारण इनके आशियाना पर एक पेड़ टूट कर जा गिरा, जिससे इनका आशियाना उजड़ गया। इस संबंध में बताया जाता है कि शंकरी दास व निमाई दास नामक एक वृदध दंपत्ति रहते हैं। इनके अलावा परिवार में एक बेटी व दामाद है जो बंगलुरु में रहते हैं। जिंदगी के चौथे पहल में वृद्ध दंपत्ति के पास खाने पीने की चीजें नहीं हैं। इनकी स्थिति ऐसी है कि इनको देखने वाला कोई नहीं है। जनप्रतिनिधि का भी ध्यान नहीं जाता है, जिससे कुछ सहयोग मिले, उसके के सहारे बाकी की जिंदगी काट सके। यह गांव भी झारखंड-बंगाल बॉर्डर के पास ही है। बुर्जुग के पास कोई कमाने वाला नहीं है। आसपास गांव के लोग भी देखने नहीं आते हैं। घर में न ही राशन है और न ही और कोई चीज।

# टेल्को में श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर में हुआ कान्हा का प्रकटोत्सव

**अमरप्रीत सिंह काले समेत कई गणमान्य लोगों ने लिया हिस्सा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को स्थित राधिकानगर में श्री श्री राधाकृष्ण मन्दिर में आयोजित श्रीकृष्ण प्रकटोत्सव में समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, टाटा मोटर्स कंपनी के प्रशासनिक हेड व्ही एन सिंह एवं टाउन विभाग के प्रमुख रजत सिंह ने पहुंच कर पूजा-अर्चना की एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों के बीच पुरष्कारों का वितरण कर प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर टेल्को थाना प्रभारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें. मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष डी डी त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संध्या समय में कृष्णजनमोत्सव की झांकियों का भी प्रदर्शन हुआ। वहीं आशीष सत्ता एवं मिली मुखर्जी के नेतृत्व में गायकों ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम रात्रि 12.00 बजे जन्मोत्सव के साथ ही पुनः पूजन एवं आरती के साथ प्रसाद या भोग वितरण के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने विश्वकल्याण की कामना के साथ सभी के लिए सुखद भविष्य एवं कोरोना से मुक्ति की प्रार्थना जगत पालक भगवान से की।

कार्यक्रम में सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश अध्यक्ष रविशंकर तिवारी, हरहर महादेव सेवा संघ के महामंत्री अखिलेश पांडेय, मिशन मोदी के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पांडेय, खड़ंगझाड़ अखाड़ा समिति के मानद अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जयनारायण सिंह, विनीत जयसवाल, रजत प्रसाद, जेएमएम नेता राजेश सिंह (राजा), राजू शर्मा, भाजपा पिछड़ा मंच की जिला मंत्री मिली दास आदि कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजय मणि, अविनाश सिंह, शंकर, अमित कुमार, नवीन मिश्रा, प्रकाश सहाय, योगेंद्र यादव, चट्टान सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं मंच संचालन रंजयमणि त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन चंदेश्वरी प्रसाद सिंह ने किया।

# सरायकेला नगर पंचायत अध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**प्रभावितों से आश्रय गृह में शरण लेने की अपील की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सरायकेला।** जिले में हो रहे मूसलाधार बारिश से खरकाई नदी उफान पर है। जलस्तर बढ़ने के कारण खरकाई नदी का पानी नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत धोबासाई मोहल्ले के कुछ घरों तक और माजना घाट स्थित बाबा पंचमुखी महादेव शिव मंदिर के परिसर तक पहुंच गया है। जिसे देखते हुए सरायकेला नगर पंचायत अध्यक्ष मीनाक्षी पटनायक ने कार्यपालक पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के साथ प्रभावित क्षेत्रों धोबासाई, माजना घाट, जगन्नाथ मंदिर घाट, देहुरीडीह एवं तितिरबिला क्षेत्र का रैंडम निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी सामुदायिक भवनों को प्रभावितों के लिए खोलकर आश्रय गृह बना दिया गया है। साथ ही सभी के लिए सूखा राशन की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए मौके पर उन्होंने खरकाई नदी तट के साथ स्थित बस्ती वासियों से अपील की है, कि बाढ़ की संभावना की स्थिति में किसी भी प्रकार का रिस्क नहीं लें। समीप के आश्रय गृह में आश्रय लेकर सुरक्षित रहें। मौके पर मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नदी के जलस्तर और बाढ़ की संभावना को लेकर सभी प्रकार के एहतियात बरते जा रहे हैं।

**हंगामा :** संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पर हिरासत में लिये गये चार लोगों को थाना से छोड़ने के विरोध में सड़क जाम कर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

# उपद्रवियों के हमले में थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी हुए घायल

- उपद्रवियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले
- तीन घंटा में तीन बार पुलिस को करना पड़ा बल का प्रयोग









**बलराम शर्मा**

**मेराल/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला के मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी नथन चौधरी (70) की संदेहास्पद मौत के मामले में कथित तौर पर चार आरोपियों को थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया था, जिन्हें एक दिन के बाद छोड़ दिया गया। हत्या के कथित आरोपी को थाना से छोड़े जाने से गुस्साए परिजनों के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने शनिवार को मेराल थाना प्रभारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाना गेट के पास पहुंच कर पुलिस बैरेकेटिंग को एनएच-75 पर खड़ा कर सड़क को जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इसी बीच कुछ उपद्रवियों द्वारा थाना के अंदर घुसने का प्रयास किया गया। जहां पहले से मौजूद थाना प्रभारी के साथ दर्जनों पुलिसकर्मी से ग्रामीण उलझ पड़े। किसी ने भीड़ में से पुलिस के ऊपर पत्थर चला दी। प्रतिक्रिया में पुलिस ने बल का प्रयोग किया और सभी को थाना परिसर से खदेड़ कर बाहर कर दिया। इस दौरान थाना पुलिस के साथ-साथ 5-7 ग्रामीणों को भी चोटें लगीं। इधर पुलिस द्वारा किये गए बल प्रयोग से ग्रामीण और आक्रोशित हो गए। कुछ देर के बाद ग्रामीणों की संख्या और बढ़ गई तथा वे फिर से थाना गेट के सामने सड़क पर बैठकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे।

मामले को बिगड़ता देख जिले के तीनों अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियों के साथ आधा दर्जन थाने के इंचार्ज तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल को मोर्चा संभालना पड़ा।

## मेराल थाना पुलिस की सूझबूझ से जलने से बचा थाना, नहीं हुआ कोई बड़ा हादसा

**सड़क जाम कर रहे लोगों की भीड़ में पहुंचे उपद्रवियों ने जिस तरह थाना पर हमला किया था। अगर मेराल थाना पुलिस अपनी जान पर खेलकर गेट को बंद कर बल प्रयोग नहीं करती तो उपद्रवी मेराल थाना को तहस-नहस कर सकते थे। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित युवक किसी की बात नहीं सुन रहे थे। वह किसी को भी मारने पर आमादा थे।**

इधर सड़क जाम के दौरान मेराल थाना से सटे एन एच 75 पर हाईवे पर लोगों की संख्या हजारों में हो गयी। क्योंकि ग्रामीणों द्वारा हाइवे जाम किये जाने के कारण लोगों की संख्या बढ़ती चली गई। घटना की सूचना के बाद जाम स्थल पर पहुंचे सदर एसडीओ राज महेश्वरम लोगों से वार्ता करने के लिए पांच प्रतिनिधियों को बुलाने लगे। परंतु भीड़ वरीय अधिकारियों से वार्ता करने की मांग पर अडिग रही। इस दौरान पुलिस ने बाहर के लोगों को खदेड़ दिया। खदेड़ी गयी भीड़ से किसी ने दूसरी बार पुलिस पर पत्थर मार दिया। इस बार पुलिस बल की संख्या ज्यादा थी। लिहाजा पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया और दौड़ा-दौड़ा कर ग्रामीणों को पीटना शुरू किया। इस बार भी उपद्रवी पुलिस पर पथराव शुरू कर दिये तथा मौका मिलते ही एक पुलिसकर्मी पर टूट पड़े तथा राइफल लेकर भागने लगे। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े तथा अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचकर एक युवक के हाथ से छीने गए पुलिस की राइफल वापस ली। दूसरी बार मार खाने के बाद भी सैकड़ों की संख्या में लोग पुलिस से कुछ दूरी के अंतराल पर जमे हुए थे। मामले की गंभीरता को भांपते हुए सदर एसडीओ के साथ पहुंचे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में जवानों ने मोर्चा संभाला और मेराल हॉस्पिटल चौक से लेकर बस स्टैंड तक बाहर से आये लोगों को खदेड़ना शुरू किया। इस दौरान करीब एक घंटा तक मेराल प्रखंड मुख्यालय रण क्षेत्र में तब्दील रहा।

# जिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर किया श्रद्धासुमन अर्पित



- राजीव गांधी को कम्प्यूटर का जनक कहा जाता है, उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : अरविंद कुमार तूफानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की 78वीं जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनायी गयी। मौके पर बारी-बारी से सभी कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अरविंद कुमार तूफानी ने कहा कि राजीव गांधी को कम्प्यूटर क्रांति का जनक कहा जाता है। स्व. राजीव गांधी को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके द्वारा जो देश को पंचायती राज व्यवस्था, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में और भारत को विश्व के एक नंबर विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने का कार्य किया गया। उन्होंने जो कदम बढ़ाया आधुनिक भारत के निर्माण का सपना था। उन्हीं के पदचिन्हों पर भारत विश्व के हर क्षेत्र में मुकाबला करने को तैयार है। जयंती कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदय नारायण तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि श्रीकांत तिवारी, प्रदेश प्रतिनिधि अलख निरंजन चौबे, कामगार सेल के अध्यक्ष उमेश त्रिपाठी, मनरेगा सेल के अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह, दिवाकर चौबे, शंभू राम आदि शामिल थे।

**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

जिला परिषद द्वारा प्रकाशित अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना PR संख्या 275865 Rural Development (22-23)D को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.275997 Rural Development(22-23):D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

पत्रांक 2349 सा.प्र. दिनांक 20.08.2022

**शुद्धि पत्र**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/17/2022-23, जिसका PR No. 275241 है, (1) Construction of Rural Water supply Scheme at Nawatand in Ward No. 24 (2) Laying of Paver Block on the Sides of the Road from Gilan Chowk to Gwal toli chowk in ward no. 28 under Municipal Corporation, Hazaribag (3) Vertical Garden with LED Light at another places in ward no. 28 को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है

इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 2190/सा०प्र० दिनांक 05.08.2022 को इस हद तक संशोधित समझा जाए।

PR 276047 Urban Development and Housing(22-23)#D

कार्यपालक अभियंता
नगर निगम, हजारीबाग

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER,HAZARIBAG**
**NAZARAT SECTION HAZARBAG**

Ref no. :- Date :-

**NOTICE FOR INVITING VERY SHORT TERM EOI**

**SUB – Invitation of Short Term Expression of Interest for 16 Units Supply and installation of AquaNestRO+UV Based Water Kiosk at different blocks in HAZARIBAG District under DMFT Fund 2022-23.**

District Administration, HAZARIBAGinvites very short term EOIs from reputed firms/Company/Partnership Firm for Supply and installation of water kiosks- AquaNestRO+UV Based different blocks in HAZARIBAG District.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply and installation of AquaNestRO+UV Based Water Kioskin different blocks ofHAZARIBAG District. |
| 2 | EMD & Processing Fee etc. | 2,00,000 INR In Favor of Deputy Commissioner, HAZARIBAG |
| 3 | Last Date of Submission of EOI | 29.08.2022 3:00 pm |
| 4 | Date of Opening of EOI | 30.08.2022 4:00 pm |
| 5 | Place of Submission/for getting Required Information | NAZARAT SECTION, HAZARIBAG |
| 6 | Place of Opening of EOI | Chamber/Conference Hall of Deputy Commissioner, HAZARIBAG |

**Complete EOI Document & term condition is available on official website of district https:\\HAZARIBAG.nic.in**

DEPUTY COMMISSIONER,
HAZARIBAG.

Copy: - DPRO, HAZARIBAG /DIO, HAZARIBAG for information and necessary action.

PR 276049 (District) 22-23 (D)

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंका प्रखंड उपप्रमुख ने मैट्रिक टॉपर छात्रा को लैपटॉप देकर किया सम्मानित



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड उपप्रमुख अनुभा सिंह एवं उपप्रमुख प्रतिनिधि दिलीप कुमार सिंह ने अपना चुनावी वादा को निभाते हुए मैट्रिक टॉपर छात्रा विनिता कुमारी को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि अनुभा सिंह व दिलीप कुमार सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 में रंकाकला पंचायत की जनता से यह वादा किया था कि यदि उनकी जीत होती है तो वे हर वर्ष मैट्रिक टॉपर छात्रा को लैपटॉप देकर सम्मानित करेंगे। जनता ने उन्हें मौका दिया, जिसके आलोक में उन्होंने 2022 का वादा निभाया। यह वादा पूरे पांच साल के लिए है। इस कार्य के लिए रंकाकला पंचायत की जनता ने उनका आभार व्यक्त किया है।

### रांची-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन में आज से जुड़ेगा एसी चेयर कार



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** रेलयात्रियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। रेलवे ने रांची-चोपन-रांची एक्सप्रेस 18631/32 में यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए एक एसी चेयर कार और एक सेकेंड क्लास चेयर कार जोड़ने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार रविवार 21 अगस्त को रांची से भाया लोहरदगा टोरी होते हुए चोपन के लिए दोनों बोगियों के साथ प्रस्थान करेगी। हालांकि रेलवे का मानना है इसे परीक्षण के तौर पर अस्थाई रूप से अगले तीन माह के लिए जोड़ने का निर्णय लिया है। बेहतर रिस्पॉन्स के बाद इसे रेगुलर किया जा सकता है। बता दें कि रांची-चोपन एक्सप्रेस संख्या 18631/32 में एसी चेयर कार नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। एसी और सेकेंड क्लास चेयर कार की दो बोगी लगने से अब यात्रियों की कठिनाइयां दूर होंगी।

### महंगाई के खिलाफ रंका प्रखंड कांग्रेस ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन



**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय के बस स्टैंड में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के रंका प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में महंगाई पर चर्चा कार्यक्रम के तहत एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व गढ़वा जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं विधानसभा प्रभारी श्रीकांत तिवारी ने किया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए श्रीकांत तिवारी ने कहा कि मंहगाई केन्द्र में सत्तासीन भाजपा सरकार की देन है और देश में बेतहाशा बढ़ी हुई महंगाई को रोकने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाकाम रहे हैं। जिला अध्यक्ष अरविंद तूफानी ने कहा कि मंहगाई इस कदर बढ़ी हुई है कि गरीब व्यक्ति ही नहीं बल्कि अन्य लोग भी परेशान हैं। अलख निरंजन चौबे ने कहा कि मंहगाई के खिलाफ सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष अरविंद तूफानी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उदय नारायण तिवारी, सुरेंद्र नाथ तिवारी, अलख निरंजन चौबे, उमेश त्रिपाठी, दिवाकर चौबे, बृजेश तिवारी, शंभू राम, त्रिपुरारी तिवारी, राजन कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर भक्तिमय हुआ जिला मुख्यालय

- राधा कृष्ण के रूप धारण कर लोगों ने किया नृत्य एवं मटका फोड़ प्रदर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर सभी देवी देवताओं के मंदिर प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। लोग राधा कृष्ण के रूप धारण कर रात भर झूमते नजर आये, तो वहीं मटका फोड़ का भी आयोजन कर प्रदर्शन किया। वहीं जिले के टंडवा में भारत संघ के युवाओं के द्वारा बहुत ही धूमधाम से झांकी कार्यक्रम को बाहर के कलाकारों के द्वारा सुसज्जित किया गया। बंगाल, उज्जैन व अन्य राज्यों के कलाकारों ने पूरे जिले के हजारों व्रतियों तथा पूरे उमड़े जनसैलाब को भक्ति की कृष्ण लीला में झुमाया। जन्माष्टमी अथवा श्री कृष्ण जी के जन्मदिन का पर्व भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। यह त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह भारतीय पर्व भगवान श्री कृष्ण के मानव कल्याण के लिए किये गये कार्यों और आदर्शों को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म भाद्र माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को हुआ था, यही कारण है कि इस दिन कृष्ण जन्माष्टमी का यह पावन पर्व मनाया जाता है। भारत संघ के प्रागंण में बहुत ही धूमधाम से जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया अनेकों झांकी तथा अनेकों कार्यक्रम रखे गये। दही हांडी फोड़ कार्यक्रम में टीम को नगद राशि से सम्मानित करने का संघ ने फैसला लिया और जिले में जगह जगह अनेकों टीमों ने आकर अपना करतब दिखा कर दही हांडी फोड़ने का करतब दिखाया।

मौके पर उपस्थित भारत संघ के संयोजक सह ओबीसी महामंत्री रविन्द्र जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी काफी धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। इस दिन देश-विदेशों में विभिन्न जगहों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और लोग भगवान श्री कृष्ण की याद में मध्यरात्रि तक जागते हुए उनके प्रशंसा में गीत गाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। इस दिन को लोग भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं। जन्माष्टमी के पर्व को विभिन्न संप्रदायों के लोगों द्वारा अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। देशभर में जन्माष्टमी का पावन त्योहार अलग-अलग तरीके से मनाया जाता है। देश के कुछ राज्यों में इस दिन दही हांडी के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। हर मोहल्ले, सोसाइटी में दही हांडी कार्यक्रम का आयोजन करते हैं और हांड़ी फोड़ने वाले टीम को इनाम दिया जाता है। कई जगह दही-हांड़ी के साथ-साथ रगों की होली खेली जाती है।

मौके पर उपस्थित कमलेश प्रसाद गुप्ता, सन्तोष केशरी ने सभी नगर वासियों को जन्माष्टमी की शुभकामना दी।

# 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' से गुंजायमान रहा श्री बंशीधर नगर

- श्री बंशीधर नगर में श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ठीक 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान के जन्म लेने के साथ ही मंदिर घण्टा, घड़ियाल एवं शंख ध्वनि से गूंज उठा। महिलाओं के द्वारा भजन और सोहर गाया गया। 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' से मंदिर गुजायमान रहा।

मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्र, सत्यनारायण मिश्र, सतीश पांडेय, सुशील पांडेय एवं कथा वाचक योगेश जी महाराज के द्वारा किये गये वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना एवं जन्मोत्सव का कार्य संपन्न कराया गया। यजमान के रूप में डॉ शशिकांत शुक्ला एवं घनश्याम शुक्ला ने अहम भूमिका निभायी। तत्पश्चात नंद गोपाल को पालने में बैठाकर श्रद्धा भाव से उन्हें झूला झुलाया गया। पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, अनंत प्रताप देव, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी एवं पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने भगवान को झुला झूलाकर मनवांछित फल की कामना की।

उधर भगवान के जन्म के बाद श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ एवं भारी बारिश होने के कारण भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस एवं समिति के लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मौके पर थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, श्री बंशीधर सूर्यमंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, राजेश पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद, मंदीप प्रसाद, सुजीत अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, राजन, डीजे समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर हो कार्रवाई : सत्येंद्र तिवारी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** हासनदाग की घटना पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज वर्तमान की सरकार में पुलिस प्रशासन पंगु और मूकदर्शक बना हुआ है। गढ़वा रंका विधानसभा को किसी की बुरी नजर लग गई है। गलत हाथों में यह विधानसभा चला गया। लगातार खून-खराबा, चोरी-डकैती, हत्या, अपहरण, रंगदारी, लेवी वसूली आम बात है। पूरे विधानसभा में भय का वातावरण व्याप्त है। आम जनता सुरक्षित नहीं है। पुलिस प्रशासन सरकार की कठपुतली बनकर उनके इशारे पर नाच रही है। आमजनों का पुलिस प्रशासन से भरोसा उठ गया। गढ़वा में काफी भयावह स्थिति है। आखिर कौन देगा इन गरीब गुरबा को न्याय? कहां जाएं ये बेचारे गुहार लगाने? कोई सुनने वाला नहीं है। उल्टे पुलिस आम पब्लिक निहत्थे पर लाठी से वार कर रही है। मैं जरूर पुलिस प्रशासन से मांग करूंगा कि अविलंब दोषियों की गिरफ्तारी कर कठोरतम सजा दे। उन्होंने पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों से इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के साथ-साथ दोषी पुलिस पदाधिकारी के ऊपर भी कठोरतम कार्रवाई की मांग की है ताकि आम जनों का पुलिस पर विश्वास बना रहे।

**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**(Request For Proposal)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | – | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा |
| 1. | RFP जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | – | 29-08-2022 at 05.00 PM |
| 2. | RFP जमा करने का स्थान एवं समय | – | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कार्यालय, कोडरमा |
| 3. | RFP खोलने का स्थान, तिथि एवं समय | – | जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कार्यालय, कोडरमा |
| 4. | RFP खोलने का तिथि एवं समय | – | 30-08-2022 at 11 AM |

जिला परिषद, कोडरमा के द्वारा निर्माणाधीन लख्खीबागी, कोडरमा स्थित पार्क में दो दुकानों का Branded Food Outlet को देने के लिए प्रस्ताव दिनांक 22–03–2022 की बैठक में पारित है।

उक्त आलोक में दो दुकानों के लिए Branded Food outlet के लिए Request For Proposal (RFP) आमंत्रित किया जाता है। RFP की विस्तृत शर्तें तथा अन्य जानकारियों www.koderma.nic.in पर से प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, कोडरमा

PR 275993 Rural Development (22-23)_D

## लोगों का जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त, मुख्य पथ रहा घंटों जाम



सेन्हा–लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आधी रात से सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में आंधी के साथ बारिश के कारण बक्सीडीपा से थाना तक पेड़ गिरने से लोहरदगा गुमला पथ बाधित प्रशासन के पहल से यातायात हुआ परिचालन सेन्हा प्रखंड में शुक्रवार आधी रात से तेज–आंधी के साथ लगातार बारिश से क्षेत्र वासियों का जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। वहीं लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एनएच 143 ए पेड़ गिरने से घंटो बाधित रहा। जिसकी सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी ऋषिकांत को मिलते ही गिरे पेड़ को हटवा कर यातायात परिचालन कराया गया। इतना ही नही थाना प्रभारी मुस्लाधर बारिश में खुद सड़क से डाली को हटाते नजर आए। यह आलम सेन्हा बक्सीडीपा से सेन्हा चौक,रामनगर थाना के समीप देखने को मिला बता दें की कहीं पेड़ गिरने से तो कंही डाली गिरने से पथ जाम हो गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश होने के कारण घर से गांव के लोग नही निकले तो सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत ने पुलिस जवान के साथ सड़क से डाली हटाया और जेसीबी के माध्यम से मुख्य पथ से पेड़ हटाने के लिए सहयोग लिया गया। लगातार आंधी बारिश से ग्रामीण क्षेत्र में पेड़ घरों में गिरने एवं छत से एल्वेस्टर उड़ने की सूचना मिल रहा है। तो सेन्हा में सड़क पर नदी की तरह पानी बह रहा है। इस तरह पूरे क्षेत्र में लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। बताया जाता है कि तूफान से क्षेत्र में तबाही के कारण बिजली बाधित रहेगा। वहीं क्षेत्रीय बिजली मिस्त्री भोला साहू जगह जगह पर क्षतिग्रस्त बिजली तार को हटाने में लगा हुआ है। इसके अलावे आँधी तूफान में घर पर गिरा विशाल पेड़ कोई हताहत नही मकान हुआ क्षतिग्रस्त सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत आराहंसा ग्राम में यूकलिप्टस का विशाल पेड़ अर्धनिर्मित प्रधानमंत्री आवास पर गिर गया। आराहंसा निवासी बसंत मुंडा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना से घर बना रहें है। जो एक माह पूर्व ढलाई तक कार्य किया गया था। और प्लास्टर बाकी था। शनिवार को आँधी बारिश ने जमकर क्षेत्र में तबाही मचाया जिसमें यूकलिप्टस का विशाल पेड़ घर पर गिर गया। जिसे बसन्त मुंडा को काफी परेशानी हो रही है। जानकारी देते हुए वार्ड सदस्य चम्पा देवी ने बताया कि बसन्त मुंडा के घर पर पेड़ गिरने की सूचना राजस्व कर्मचारी रामा महतो को दूरभाष के माध्यम से दिया गया है।

## डीआरएम से मिले छात्र नेता नागमणि कुमार



लातेहार (आजाद सिपाही)। छात्र नेता नागमणि एवं राष्ट्रीय तैलिक समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, समाजसेवी नंदलाल प्रसाद ने मिलकर लातेहार में रेल सुविधा की मांग की। नागमणि ने कहा कि कोरोना काल के पूर्व में रुकने वाली सभी ट्रेनों का हो पूर्व की भांति ठहराव जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में प्रमुख ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से लातेहार जिला के वासियों को कहीं आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य की बात है कि जिला मुख्यालय होने के बाद भी यहां पर उन ट्रेनों का ठहराव नहीं हो रहा है जो कि जिला मुख्यालय वासियों के साथ रेल प्रबंधन सौतेला रवैया अपना रहा है जो कि बड़ा ही है निंदा का विषय है। मौके पर बेंदी मुखिया रामदयाल उरांव,नंदलाल प्रसाद, श्यामलाल मनोज प्रसाद रब्बानी हुसैन वीरेंद्र प्रसाद आजाद खा सहित सैकड़ों लोग थे।

## सुबह से हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड में शुक्रवार सुबह से हो रही बारिस से जन जीवन अस्त ब्यस्त हो गया है। शनिवार को तो बारिस के आये तेज हवा तूफान से किसी का आशियाना उजड़ गया तो कहीं जल जमाव हो गया तो कहीं पेड़ गिरकर परेशानी बढ़ा दिया है। तेज हवा के साथ लगातार हो रही बारिस से कैरो हाताबारी निवासी मसोमात शातिं देवी का घर धंस गया तो कैरो मुख्य चौक निवासी कृष्णा साहू, मोती साहू के दुकान का छप्पर उड़ गया। वहीं कैरो मुख्य चौक के सामने एक पेड़ गिर गया। बारिस को देखते हुए कैरो अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ने कहा है कि लोग सावधानी बरतें यदि कहीं पर किसी का घर को क्षति पहुंचती है या जान माल का नुकसान होता है, कहीं पर पेड़ गिर गई और रास्ता बाधित हो गई हो या किसी प्रकार का नुकसान हुआ हो तो इसकी सूचना अवश्य दें।

## तैयारी को लेकर की बैठक



लातेहार (आजाद सिपाही)। सूबे के मुख्यमंत्री आगामी 26 अगस्त को नेतरहाट के टुटुआपानी जायेंगे। इसी टुटुआपानी के मैदान मे विगत 28 वर्षों से नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज के विरोध में प्रति वर्ष दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जाता रहा है। इसी टुटुआपानी में मुख्यमंत्री का सामुहिक रूप से नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। इसकी तैयारियों को ले कर शनिवार को झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव की अध्यक्षता में महुआडांड़ में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में श्री शाहदेव ने कहा कि विगत तीस वर्षों से भी अधिक समय से लातेहार एवं गुमला जिला के प्रभावित गांवों के ग्रामीण नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज निर्माण का विरोध और इस परियोजना को रद्द करने की मांग कर रहे थे। इस दौरान कई सरकारें आयी और गयी, लेकिन किसी भी सरकार ने ग्रामीणों की इस मांग को पूरा नहीं किया। श्री शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने विस्थापित ग्रामीणों के दर्द को समझा और इस परियोजना की अवधि विस्तार करने से इंकार कर दिया। मुख्यमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले से ग्रामीणों में एक नयी आशा का संचार हुआ है। इस कारण प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का सामुहिक रूप से अभिनंदन एवं आभार प्रकट करने का निर्णय लिया है। श्री शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से तीस वर्षों के संघर्ष को विराम लग गया है। उन्होने अभिनंदन सह आभार कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील ग्रामीणों से की है। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष अनिल मनोहर, सचिव समशुल होदा, अनिता मिंज एवं सेलेस्टीन कुजूर आदि उपस्थित थे।

## डीआरएम से लातेहार में ट्रेनों के ठहराव की मांग की



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम आशीष बंसल से मुलाकात कर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में कई ट्रेनों के ठहराव की मांग की। श्री बंसल लातेहार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान प्रतिनिधियो ने उनसे मुलाकात कर कहा कि कोरोना काल के पूर्व लातेहार रेलवे स्टेशनों में इन ट्रेनो ठहराव होता था। लेकिन कोरोना काल के बाद जब इस रेलखंड में इन ट्रेनों का परिचालन सामान्य हुआ तो जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन में इन ट्रेनो का ठहराव नहीं दिया गया। इस कारण आम लोगों के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने डीआरएम को सौपे गये। ज्ञापन में ट्रेन संख्या 18635/18636 (सासाराम–रांची इंटरसिटि एक्स्प्रेस), 18312/18311 ( संबलपुर–वाराणसी इंटरसिटि एक्सप्रेस), 12873/12874 (झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस), 13025/13026 (हावड़ा–भोपाल एक्सप्रेस), 19607/19608 (कोलकाता–मदार एक्सप्रेस) एवं ट्रेन संख्या 1809/18010 (संतरागाछी एक्सप्रेस) का लातेहार में ठहराव की मांग की। प्रतिनिधियों ने कहा कि इस ट्रेनों के लातेहार में नहीं रूकने से आम लोगों के अलावा बाहर पढ़ने वाले छात्र, अस्थियों का विसर्जन करने वाराणसी जाने वाले लोगों के अलावा जिले के बेतला व नेतरहाट आने वाले सैलानियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर तैलिक साहु समाज के जिला अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, हिन्दू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष नंदलाल प्रसाद, छात्र नेता नागमणि के अलावा आजाद खान, रब्बानी हुसैन, श्यामलाल, रुपेश अग्रवाल, वीरेंद्र प्रसाद, विनयकांत पांडेय, बेंदी पंचायत के मुखिया रामदयाल उरांव, मनोज प्रसाद एवं कमलेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### किस्को प्रखंड क्षेत्र में आंधी तूफान और बारिश से मचा हाहाकार

# बारिश और आंधी तूफान से गिरे कई पेड़, जनजीवन अस्त व्यस्त



### शनिवार बाजार पर लगाया ग्रहण

**किस्को मुख्य चौक पर लगने वाली साप्ताहिक शनिवार बाजार लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश और आंधी तूफान से काफी प्रभावित हुआ है। दो दिनों से लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश और आंधी तूफान के कारण साप्ताहिक शनिवार बाजार में वीरानी देखने को मिला। क्षेत्र के किसानों के द्वारा उगाई जाने वाली सभी प्रकार के सब्जियों और अन्य दुकानदारों को बारिश एवं आंधी तूफान के वजह से काफी नुकसान उठाना पड़ा। गिने चुने किसान अपनी सब्जियों की बिक्री हेतु साप्ताहिक शनिवार बाजार पहुंचे भी लेकिन खरीदार नजर नहीं आये। इधर प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही जोरदार बारिश और आंधी तूफान से प्रखंड क्षेत्र के कितने गरीब असहाय परिवार वालों के समक्ष सिर छिपाने की चिंता लाकर खड़ा कर दिया है। हालांकि प्रखंड एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से नजर बनाए हुई है।**

हुसैन अंसारी

किस्को/लोहरदगा। किस्को प्रखंड क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रहे जोरदार बारिश और आंधी तूफान से लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग अपने-अपने घरों में दुबके दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बारिश से क्षेत्र के किसानों को काफी राहत पहुंचा है। उल्लेखनीय है कि लगातार हो रहे मूसलाधार बारिश और आंधी तूफान से लोगों को अपनी रोजमर्रा के लिए भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र में आंधी तूफान ने जमकर उत्पात मचाया है। आंधी तूफान से क्षेत्र में दर्जनों पेड़ गिर गया है जिससे लोगों को आवागमन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि बीते दो दिनों से हो रहे अत्यधिक बारिश और आंधी तूफान से किस्को लोहरदगा मुख्य पथ पर स्थित इंटर कॉलेज के समीप विशालकाय आम का पेड़ गिर जाने से घंटो किस्को लोहरदगा आने जाने वालों को मशक्कत उठाना पड़ा। इधर मुख्य मार्ग पर आम का पेड़ गिर जाने की सूचना पाते ही तत्काल किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार और एएसआइ अविनाश कुमार सिंह के द्वारा जेसीबी मशीन व्यवस्था कर राहत कार्य पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सेमरडीह वार्ड सदस्य लिलू उरांव के घर के समीप पर स्थित सागवान का पेड़ गिर गया। जिससे बिरहोर कॉलोनी एवं सेमरडीह बस्ती को जोड़ने वाली सड़क अवरूद्ध हो गया। इसी तरह किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के नारी धुर्वा मोड़ के समीप पीपल का पेड़ गिर जाने से साप्ताहिक शनिवार बाजार सब्जी खरीदारी व बिक्री करने जाने वाले किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मिंज, अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू, किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार, जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार, बगड़ू थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह, किस्को थाने के एएसआई अविनाश कुमार सिंह सहित प्रखंड प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के तमाम पदाधिकारी और कर्मचारी क्षेत्र के लोगों को पूरी तरह से राहत कार्य पहुंचाने को लेकर क्षेत्र में मुस्तैद दिखायी दिये।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटोग्राफर सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन लोहरदगा ने स्थानीय मारुति स्टूडियो के शूटिंग हॉल में एक फोटोग्राफर सेलिब्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी फोटोग्राफर वीडियो ग्राफर शामिल हुए कार्यक्रम का प्रारंभ केक काटकर किया गया । तत्पश्चात सभी वीडियो ग्राफर एवं फोटोग्राफरों ने विश्व फोटोग्राफी दिवस का एक दूसरे को बधाई दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सबसे युवा सदस्य भावेश कुमार ने अपने विचार साझा किया। उन्होंने बताया की वेडिंग फोटोग्राफी के दौरान रात जगना पड़ता है जिससे हमारे स्वास्थ्य में प्रतिकूल असर ना पड़े इसके बारे में टिप्स दिए। उन्होंने वेडिंग फोटोग्राफी करते समय किन चीजों का ख्याल रखा जाए इस पर भी प्रकाश डाला । संस्था के वरिष्ठ सदस्य रमेश कुमार ने विश्व फोटोग्राफी दिवस के बारे में बताया। संस्था के पूर्व सचिव विनोद सोनी ने आज के बदलते फोटोग्राफिक परिवेश के बारे में बताया। कहा हमारा एसोसिएशन जल्द ही एक फोटोग्राफिक कार्यशाला का आयोजन करेगी। उप सचिव ज्ञान प्रकाश ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला और सदस्यों से संस्था से हमेशा जुड़े रहने का फायदा बताया। इस कार्यक्रम में खास बात यह रही कि सभी सदस्यों ने अपना विचार साझा करते हुए फोटोग्राफी डे सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव पवन कुमार के माता के निधन हो जाने के कारण 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करेन के लिये प्रार्थना की गयी एवं कार्यक्रम की समाप्ति की गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के वरिष्ठ सदस्य राम कुमार प्रसाद, सचिव पवन कुमार, अजय वर्मा, भावेश कुमार, सरोज प्रजापति, हेमंत अग्रवाल रवि खत्री, कुलदीप यादव, बिहारी, प्रवीण कुमार, विनोद कुमार दीपक गुप्ता, राकेश, जीवन मेहता, निखिल कुमार, विनोद सोनी रमेश वर्मा, छोटू, अशोक प्रजापति, अजय गुप्ता विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## विशालकाय अजगर सांप की रेल से कटकर मौत

**विशालकाय अजगर आठ से दस फिट लंबा था एवं काफी विशाल था।**



आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह रेल क्षेत्र के आरओएच मे शंटिंग कार्य के दौरान गहन परीक्षण यार्ड से 200 मीटर आगे कालका एंड में एक अजगर सांप का रेल से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। बता दे कि विशालकाय अजगर आठ से दस फिट लंबाई का था एवं काफी विशाल था।
नजदीक मे जंगल क्षेत्र होने के कारण विशालकाय अजगर रेल किनारे आ गया। जिससे रेल के चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।

### स्व. राजीव गांधी की जयंती कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की

# राजीव गांधी दूरदर्शी सोच वाले युगद्रष्टा राजनेता थे: सुखैर



### मौके पर ये रहे मौजूद

**कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, जगदीप भगत, सलीम अंसारी, तनवीर गौहर, संजर अंसारी, प्यारी उरांव, अंसार अहमद, मदन प्रसाद, संतोषी उरांव, सुखी उरांव, अनिल उरांव, प्रावेज सिद्दीकी, शेख सादिक, मोहम्मद आजम, सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष सुखेर भगत ने किया। सर्व प्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में स्व. राजीव गांधी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सुखेर भगत ने कहा कि राजीव गांधी दूर दर्शी सोच एवम युगद्रष्टा राजनेता थे। वे सूचना क्रांति के जनक थे। आजादी के अमृतकाल मे देश राजीव गांधी की दूरदर्शिता और अतुलनीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने ही पंचायती राज संस्थान को सैवधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण का सपना देखा था जो आज मूर्त रुप में साकार हुआ है। स्व. राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्री काल में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नीति बनायी। उन्होंने सांस्कृतिक विविधता की रक्षा करने और उसे बढ़ावा देने के लिए सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किये। उन्होंने उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के आधुनिकी कारण और विस्तार के लिये 1985 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की स्थापना की। जवाहर नवोदय विद्यालय के माध्यम से सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक के साथ साथ उत्कृष्ट और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये देश भर में मुफ्त आवासीय विद्यालय की स्थापना की। इस मौके पर वरिष्ठ नेता नेसार अहमद ने कहा कि स्वगीय राजीव गांधी ने युवा शक्ति में भरोसा कर मतदान की उम्र 21 साल से घटाकर 18 वर्ष कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का काम किया। उन्होंने इस सच्चाई को हमेशा दोहराया कि युवाओं को समानता, न्याय, बंधुत्व, और स्वतंत्रता के सिद्धांत पर एक सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए सशक्त शिक्षित और कौशल से युक्त होना चाहिए। उन्होंने 'विज्ञान गांव की ओर' के जरिये कृषि और जीवन के हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकीगी अपनाने की पहल की।

## उपायुक्त की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा, मिला निर्देश



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में कोविड टीकाकरण, एमटीसी केंद्रों में बच्चों की भर्ती, विभिन्न मदों में प्राप्त आवंटन एवं व्यय, आयुष्मान भारत योजना में आय/व्यय, मलेरिया, फाइलेरिया के रोग निवारण की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई। कोविड– 19 टीकाकरण अंतर्गत जिला में विभिन्न प्रखण्डों में द्वितीय डोज की स्थिति की समीक्षा में पाया गया कि कुडू और सेन्हा में अन्य प्रखंडों की अपेक्षा उपलब्धि कम है। उपायुक्त द्वारा कुडू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को प्रतिदिन एएनएम की संख्या के आधार पर कम से कम 17 और सेन्हा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को न्यूनतम 18 स्थानों पर कोविड टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किये जाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न मदों में प्राप्त आवंटन व उसके विरुद्ध किये गये व्यय की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) अंतर्गत व्यय से संबंधित आवश्यक निदेश दिया गया। मलेरिया की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कुडू को कम सैंपलिंग के बिंदु पर निदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों के सैंपल कलेक्ट किये जायें ताकि वास्तविक आंकड़े का पता चल सके और उसका ईलाज सही समय पर प्रारंभ हो सके। सिविल सर्जन, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि मलेरिया के मरीजों का सभी सीएचसी में ट्रीटमेंट के लिए एक ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल बनायें और सभी सीएचसी में इसे सकुर्लेट करें। सीएचसी में सबंधित दवाओं की उलपब्धता सुनिश्चित हो। फाइलेरिया के मरीजों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि फाइलेरिया के मरीजों की पहचान शुरूआती स्तर पर कर ली जाय ताकि बीमारी का ईलाज सही समय पर प्रारंभ किया जा सके। इसके लिए एंटीजेन टेस्ट की खरीद कर ली जाय। सभी अपना सर्विलांस ठीक करें। सभी जगह एंटीफाइलेरिया अभियान चलाया जाये। शिविरों में संबंधित दवाओं का वितरण किया जाय। फाइलेरिया के मामले जिन क्षेत्रों से अधिक आ रहे हैं उनकी पहचान करें। सिविल सर्जन को निदेश दिया गया कि फाइलेरिया के मरीजों के ईलाज के लिए ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल बनाया जाय। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, डीपीएम एनएचएम नाजिश अख्तर, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



हेरहंज (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग पंचायत के खपिया गांव में शनिवार को युवा क्लब के द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल और झामुमो प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष रामबृक्ष गंझु ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के पूर्व टूर्नामेंट में शामिल टीमो से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया और अतिथियों फुटबॉल में किक मारकर खेल की शुरूआत की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि गांव में इस तरह का आयोजन होना बहुत अच्छी बात है। इससे गांव मं रहने वाले युवाओं के अंदर जो प्रतिभां छिपी है वह सामने आयेंगी। साथ ही उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि अच्छी मेहनत करे और अपनी प्रतिभा को गांव में ही नही राज्य स्तर तक ले जाये और सभी की हौसला अफजाई की। अतिथि के रूप में उपस्थित झामुमो प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष रामबृक्ष गंझू ने भी खिलाड़ियों को संबोधित कर कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले और अपने प्रतिभा को सामने लाये और ऐसे अवसर में ही खिलाड़ियों की प्रतिभायें सामने आती है। सभी खिलाड़ियों ने उपस्थिति अतिथियों का स्वागत तालियों से किया। मौके पर झामुमो सचिव नीरज कुमार, जिप सदस्य पति शिवनाथ रजक, आयोजन समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह, उपाध्यक्ष मनोज प्रसाद, सचिव छोटेलाल सिंह, सचिव संजय प्रसाद, उपसचिव आशीष कुमार, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, श्याम दयाल सिंह समेत युवा क्लब के सदस्य शामिल थे।

## समस्याओं को लेकर विधायक ने सीएम से की मुलाकात



**सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराने के साथ ही क्षेत्र में सुखाड़ जैसी स्थिति को लेकर भी विस्तृत रूप से चर्चा और किसानों को हो परेशानी के मामले से अवगत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने विद्युत कटौती के निदान एवं बरवाडीह से छिपादोहर तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराने के साथ ही क्षेत्र में सुखाड़ जैसी स्थिति को लेकर भी विस्तृत रूप से चर्चा और किसानों को हो परेशानी के मामले से अवगत किया रुके हुए विकास कार्यों को गति देने को लेकर चर्चा की। जिस पर मुख्यमंत्री ने उनसे सभी समस्याओं का निराकरण जल्द कराने की बात कही।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



# भारी बारिश के बीच डीआइजी अनीश गुप्ता पहुंचे गुमला



### पुलिस केंद्र का किया निरीक्षण, वाहनों की करायी गयी परेड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** पुलिस केन्द्र गुमला का निरीक्षण करने दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनीश गुप्ता शनिवार को गुमला पहुंचे। पुलिस अधीक्षक गुमला डॉ एहतेशाम वकारीब ने उनका अभिनंदन किया। सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार के नेतृत्व में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

भारी बारिश के बीच उनके द्वारा पूरे पुलिस केन्द्र का भौतिक रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें जवानों की रहने की मूलभूत सुविधा, साफ सफाई, सौंदर्यीकरण आदि का उन्होंने मुआयना किया। साथ ही पायी गयी कमियों के तुरंत निवारण करने का आदेश दिया। वाहनों की परेड करायी गयी। जिसमें पुलिस के सभी प्रकार के वाहनों को शामिल किया गया। डीआईजी ने शस्त्रागार का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस केन्द्र के सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपमहानिरीक्षक द्वारा उपस्थित डीएसपी अभियान मनीष कुमार, एसडीपीओ गुमला मनीष चंद्र लाल, एसडीपीओ बसिया विकाश लांगुरी को कई प्रकार के आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार पर रोक लगाने का जेएनडी ने किया स्वागत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल यानि जेएनडी ने राज्य सरकार द्वारा नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार पर रोक लगाने का स्वागत किया है । दल ने यह भी कहा है कि वर्षों से गुमला - लातेहार के खासकर नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज से प्रभावित होने वाले गांव के ग्रामीण आंदोलनरत थे । जिसका अवधि विस्तार पर रोक लगाकर राज्य सरकार ने एक तरह से फील्ड फायरिंग रेंज से प्रभावित होने वाले हजारों लोगों को राहत देने का काम किया है । झारखंड नवनिर्माण दल का मानना है कि चाहे केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार जनहित व लोगों का सुख सुविधा को देखते हुए सरकार को कोई भी योजना या परियोजना तैयार करना चाहिए । वर्षों से नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज का विरोध कर रहे लोगों को आर्थिक , मानसिक तथा कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है । राज्य गठन के इन 22 वर्षों में भाजपा , जेएमएम , कांग्रेस की सरकार राज्य की सत्ता में रही है लेकिन इस समस्या को किसी भी सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया । नतीजतन 245 गांव के लोग हमेशा दुख तकलीफ झेल कर आंदोलन करते रहे इसके लिए भी जिम्मेवारी तय होनी चाहिए । नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को अगर पहले ही रद्द कर दिया जाता तो गुमला व लातेहार जिला के लाखों लोगों को परेशानी नहीं उठानी पड़ती । झारखंड नवनिर्माण दल का गठन झारखंड को बचाने , सजाने व सँवारने के लिए भर नहीं बल्कि जल जंगल जमीन की रक्षा व मुकम्मल लड़ाई जन सहयोग के उद्देश से हुई है । ऐसे में जेएनडी सरकार से मांग करती हैं कि जन भावनाओं व जनता की जरूरत को ध्यान में रखकर ही कोई भी योजना देश व राज्य में बननी चाहिए । इन भावनाओं को व्यक्त करते हुए जेएनडी के केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति , गुमला की प्रभारी पुष्पा उरांव ने कहा कि राज्य के वर्तमान सरकार से गरीबों, मजदूरों और दीन दुखियों के कल्याण से संबन्धित योजनाएं लाने की आशा है।

# लगातार बारिश और तेज हवा से घाघरा में आधा दर्जन जगहों पर पेड़ गिरे

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश व तेज हवा के कारण शनिवार को आधा दर्जन जगहों पर पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से कई जगहों पर सड़क जाम भी हुआ। इस क्रम में सलगी के समीप मुख्य पथ पर विशालकाय पेड़ गिरने से मुख्य पथ नेतरहाट घाघरा पूरी तरह जाम हो गया। वहीं पुलिस के घंटों मशक्कत के बाद गिरे पेड़ को ग्रामीणों द्वारा कटवाकर हटाया गया। वहीं दूसरी घटना टोटाम्बी के समीप मुख्य पथ पर पेड़ के गिर जाने से घंटों सड़क जाम रहा। जिससे आवागमन घाघरा गुमला मुख्य पद भी घंटों बाधित हुई। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा पेड़ को काटकर हटाया गया। तत्पश्यात आवागमन प्रारंभ की गई। इसके साथ ही घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित पुरानी पेट्रोल पंप के समीप भी एक पेड़ गिरा। हालांकि उक्त पेड़ गिरने से कोई जाम नहीं हुआ ग्रामीणों द्वारा तुरंत ही उसे हटा लिया गया। इसके साथ ही देवाकी, दोदांग, गम्हरिया सहित कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ गिरने की सूचना है। जिसे ग्रामीणों ने काटकर हटाया।

**कार्यक्रम : जयंती पर स्व. राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद**

# राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे : रमेश चीनी

### सभी कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जयंती पर किया श्रद्धासुमन अर्पित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि राजीव गांधी ने 19वीं सदी में ही 21वीं सदी का सपना देखा था। स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच एवं निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता रखने वाले राजीव ने भारत देश को दुनिया की उच्च तकनीक से पूर्ण करना चाहते थे। उन्होंने कंप्यूटर एवं संचार के क्षेत्र में देश को बहुत बड़ा योगदान दिया। सिर्फ 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे और संभवतः दुनिया के युवा राजनेताओं में से एक थे। देश में पीढ़ीगत बदलाव के अग्रदूत गांधी को देश के इतिहास में सबसे बड़ा जनादेश प्राप्त हुआ था। उनके नेतृत्व में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में 508 सीट में से रिकॉर्ड 401 सीटें हासिल की थीं। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 ईसवी को मुंबई में हुआ था। वे आधुनिक भारत के निर्माता थे। रमेश कुमार ने कहा कि भारत को वर्तमान में ऐसा ही प्रधानमंत्री चाहिए।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में अकील रहमान, हेमावती लकड़ा, बैजनाथ उरांव, रामनिवास प्रसाद, रोहित उरांव, हिमेश कुमार सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।



## पालकोट प्रखंड कांग्रेस ने जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

पालकोट (आजाद सिपाही)। शनिवार को भारत रत्न व देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 78वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर प्रखंड के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि स्व. राजीव गांधी को कम्प्यूटर क्रांति का जनक कहा जाता है। देश में पंचायती राज व्यवस्था को लागू करने में उनका अहम योगदान रहा है। उन्होंने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विधायक प्रतिनधि बसंत गुप्ता, निमरोध एक्का, विकाश गुप्ता, सुधीरचन्द्र राम, बालगोविन्द खड़िया, जगदीश राम, स्वराज बसन्त गुप्ता, सत्यनरायण केसरी, राधेश्याम ग्वाला, श्यामसुंदर गुप्ता आदि लोग शामिल थे।

# बीमारी से तंग आकर किसान ने खा ली एक साथ टीवी की 20 गोलियां

### स्थिति गंभीर, सदर अस्पताल में उपचार जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** बीमारी से तंग आकर जिले के एक किसान ने एक साथ टीवी की 20 गोलियों का सेवन कर लिया। जिले के बंडूटोली गांव निवासी किसान अजीत मिंज इन दिनों अपनी बीमारी से काफी परेशान चल रहा था। अजीत मिंज द्वारा गोलियों के सेवन के बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा किसान को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को जानकारी देते हुए किसान के पत्नी ने बताया कि उसके पति टीवी बीमारी से ग्रसित हैं लंबे समय से दवा का सेवन कर रहे हैं लेकिन बीमारी ठीक नहीं हो रही है। शुक्रवार को खेत में काम करने के बाद वे अचानक घर लौट आए और गुस्से में आकर सीसी में रखें टीवी की 20 दवाइयां एक साथ खा ली। जब हम घर पहुंच कर देखे तो पाया कि उनकी स्थिति काफी खराब हो रही है। इसके बाद इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने बताया कि अत्यधिक दवाइयां खाने से किसान की स्थिति गंभीर हुई थी लेकिन इलाज के बाद अब स्थिति सामान्य है। फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में किसान का उपचार जारी है।

# भाकपा ( माले ) की बैठक अब 26 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार जिला समिति की 21 अगस्त को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से 26 अगस्त को होगी । यह जानकारी जेएनडी के केंद्रीय सदस्य सह भाकपा ( माले ) रेड स्टार जिला समिति गुमला के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव ने दी। उन्होने कहा कि जिला मुख्यालय गुमला में 26 अगस्त 2022 को होने वाली इस बैठक में 24 सितंबर से 29 सितंबर 2022 तक केरल प्रदेश में होनेवाली पार्टी की राष्ट्रीय स्तर का महाधिवेशन की सफलता के अलावे गुमला जिला में संगठन का विस्तार व जिले में फैले विकास के कार्यों में भ्रष्टाचार तथा स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की भावी रणनीति बनाने के लिए बुलाई जा रही है । बैठक में जिला समिति के पदाधिकारी मुख्य रूप से आमंत्रित किए गए हैं।

# पुनीत मिंज ने लिया श्रम अधीक्षक का पदभार

### श्रम अधीक्षक इतवारी महतो को दी गई विदाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्रम अधीक्षक इतवारी महतो की बिदाई और नए श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज के पदभार ग्रहण करने को लेकर श्रम विभाग गुमला में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे श्रम विभाग के सभी पदाधिकारी एवं असंगठित कामगार कांग्रेस की टीम को विषेश रूप से आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असंगठित कामगार कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष मुख्तार आलम ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण एक अनिवार्य प्रक्रिया है। श्रम अधीक्षक एतवारी महतो का पदस्थापन गढ़वा हो चुका है। श्री महतो विगत तीन साल से बतौर श्रम अधीक्षक गुमला जिला में श्रमिकों के हित के लिए बहुत सारे काम किए। इनके द्वारा श्रमिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। जब भी मजदूरों के हित के लिए मदद की आवश्यकता पड़ी, मुझे एतवारी महतो ने हर संभव मदद की। इतवारी महतो का हम सभी लोग उनके अच्छे कार्य के लिए हृदय से आभार प्रकट करते हैं। वर्तमान श्रम अधीक्षक महोदय श्री पुनीत मिंज से हम सभी को अच्छे योगदान की आशा है। पूर्ण विश्वास है कि गुमला जिला के श्रमिकों मजदूर, जरूरतमंद असहाय व्यक्ति के लिए श्री मिंज समन्वय बनाकर कार्य करेंगे।

मौके पर असंगठित कामगार कांग्रेस जिला महासचिव महताब आलम, कामगार नगर अध्यक्ष मो. इनायत आदि लोग उपस्थित थे।

**लाचारी : एक आवास और पेंशन के लिए भटक रही है सुराजो देवी, दूसरे के घर में रहने को विवश**

# संपन्न लोगों को मिला आवास योजनाओं का लाभ, निर्धन निराश

### दिवानटोली की ही नीलम देवी ने बताया कि विधवा पेंशन के लिए अनेक बार आवेदन दिये, पर स्वीकृत नहीं हो पाया

**हिमांशु रंजन**





**बसिया।** इंसान की जिंदगी में सिर्फ तीन बुनियादी जरूरतें होती हैं। पहले नंबर पर रोटी, दूसरे नंबर पर कपड़ा और तीसरे नंबर पर मकान। अगर किसी इंसान को ये बुनियादी जरूरतें भी मयस्सर नहीं हो रही हों तो शायद उनके लिए ही कहा गया है कि जीवन भगवान भरोसे है।

यही हाल है प्रखंड मुख्यालय स्थित दीवानटोली की रहने वाली लगभग 65 वर्षीय सुराजो देवी का। इसके पति स्व. करिया राम स्वर्ग सिधार गए। सुराजो देवी के पास अपना घर नहीं है। जिस के कारण वह दर दर भटकने को विवश है। उसकी विवशता को देखकर शांति देवी पति स्व. ननकू लोहरा ने मानवता का परिचय दिया और सुराजो देवी को दो कमरे के अपने घर में रहने को आश्रय दे दिया। अब सवाल यह है कि इससे पहले सुराजो देवी रहती कहां थी। सुराजो देवी ने अपना पुराना खंडहर कॉलोनी घर को दिखाते हुए बताया कि यह घर उसे बरसो पूर्व रहने को मिला था परंतु यह भी कभी पूरा नहीं बन पाया और इसी बीच उसके पति की मृत्यु हो गयी। तो क्या सुराजो देवी ने कभी अपने घर के लिए कोई प्रयास नहीं किया। उसने बहुत प्रयास किया एक अदद मकान, राशन कार्ड और पेंशन के लिए अनेकों बार प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिए। हजारों बार कार्यालयों का चक्कर लगाया। परंतु उसे कभी भी इसका लाभ नहीं मिल पाया, जबकि उसके आंख के सामने जिनका अच्छे घर पहले से मौजूद हैं उन्हें आवास योजनाओं का लाभ दिया गया। सुराजो देवी ने बताया कि उसने महल्ले के ही रंजीत नामक व्यक्ति की सहायता से प्रखंड में आवेदन जमा किया है। परंतु कभी भी उसे इसका लाभ नहीं मिल पाया और वह दूसरे के घरों में रहकर जीवनयापन करने को मजबूर है।

इसी तरह दिवानटोली की ही रहने वाली 34 वर्षीय विधवा नीलम देवी ने बताया कि उसके पति फिरु लोहरा की छह वर्ष पूर्व वज्रपात से ओडिसा राज्य में आकस्मिक मृत्यु हो गयी थी और उसने विधवा पेंशन के लिए अनेक बार आवेदन दिया। बावजूद उसका पेंशन स्वीकृत नहीं हो पाया है।

इस संबंध में बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुकरात उरांव ने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा कुछ सम्पन्न और रहने लायक मकान होने वालों को भी अंबेडकर और पीएम आवास का लाभ दिया जा रहा है। मैं सभी लाभुकों की जानकारी लेकर इस संबंध में गुमला के उपायुक्त महोदय से मिलकर उनको जल्द ही सारी वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए न्यायसंगत कार्रवाई की मांग करूंगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन अंबेडकर आवास देने से पहले लाभुक की पूरी तरह जांच करने के उपरांत ही किसी को आवास आवंटित करे।

जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने कहा कि उन्हें भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि जिनका मकान है वेसे लोगों को पीएम आवास और अंबेडकर आवास की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। मैं प्रशासन से मांग करती हूं कि प्रखंड प्रशासन सरकारी लाभ यथा पीएम आवास, अंबेडकर आवास, पेंशन आदि लाभ देने में समाज के गरीब, वंचित वर्ग को प्राथमिकता देने का कार्य करें। इस संबंध में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि लाभुक से आवेदन लेकर उन्हें नियमपूर्वक सरकारी लाभ मुहैया कराया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# डुमरी प्रखंड में लगातार बारिश से सड़कों पर पसरा सन्नाटा, रात से ही बिजली गुल



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश और हवा से प्रखंड वासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बीती रात से ही पूरे प्रखंड में बिजली गुल है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मुख्यालय के गिने चुने दुकान को छोड़कर अधिकतर दुकानें बंद हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यात्रीगण भी बस स्टैंड में नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि दो दिन से हो रही लगातार बारिश से किसानों में थोड़ी खुशी लौट आयी है। किसान राहत महसूस तो करने लगे हैं लेकिन लगातार बारिश से सभी का जीवन अस्त-व्यस्त जरूर हो गया है। नवाडीह चौक में लगने वाला सब्जी बजार भी पूर्ण रूप से बंद नजर आया।

# सिसई में लगातार बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त, पेड़ गिरने से विद्युत खंभे टूटे, विद्युत बाधित



**सिसई (आजाद सिपाही)।** दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। नदी-नालों, कुआं व तालाबों सहित खेतों में बरसात के मौसम में पहली बार जल स्तर में थोड़ी वृद्धि हुई है। बारिश के साथ तेज हवा से कई पेड़ व कच्चे मकान गिरने की सूचना है। बीआरसी के समीप नेशनल हाईवे में एक विशाल यूक्लिप्टस का पेड़ गिरने से एक घंटा रोड जाम हो गया। स्थानीय लोगों के द्वारा पेड़ को काटकर जाम हटाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेड़ की चपेट में आने से एक मारुति अल्टो कार व स्कूटी सवार बाल-बाल बच गए। वहीं पेड़ की जद में आने से ग्यारह हजार सप्लाई व एलटी तार व कई खंभे टूट गये हैं। जिससे सिसई में विद्युत बाधित हो गई है। अस्पताल के समीप सहित नेशनल हाईवे में जल जमाव से सड़क में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिन पर पानी भरे होने के कारण बाइक-साइकिल सहित छोटे वाहन सवार दुर्घटना ग्रस्त होते रहते हैं। वहीं पांच बड़े पेड़ झुककर मुख्यमंत्री दाल भात शेड व पलास मार्ट भवन की दीवाल के सहारे अटके हुए हैं, जो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं।

# बसिया में भारी बारिश से चुटिया नाला में बना डायवर्सन क्षतिग्रस्त, कई पेड़ गिरे, बिजली बाधित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बंगाल की खाड़ी के उत्तरी हिस्से में बने निम्न दबाव के मजबूत होने से होने वाली लगातार बारिश से बसिया प्रखंड क्षेत्र में भी जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। बसिया कुम्हारी मुख्य मार्ग में अवस्थित चुटिया नाला में बना डायवर्शन क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे आवागमन बाधित हो गया है। इसके साथ ही कलिगा में परमानंद राम के घर के समीप खूंटी कोलेबिरा मुख्य मार्ग में बड़ा पेड़ गिर गया। जिसे परमानंद राम समेत स्थानीय लोगों ने काटकर सड़क से हटाया। भारी बारिश की वजह से बसिया साप्ताहिक बाजार में भी गिने चुने लोग ही नजर आये। साथ ही बच्चों के ट्यूशन व स्कूल जाने पर भी असर स्पष्ट देखने को मिला। मौसम के खराब होने से व्यावसायिक गतिविधियों में भी प्रतिकूल असर पड़ा। इसके साथ ही क्षेत्र में सुबह से ही बिजली गुल है।

# बसिया बीडीओ ने की स्वास्थ्य प्रबंधन समिति के कार्यों की समीक्षा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में स्वास्थ्य प्रबंधन समिति की बैठक बीडीओ कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में स्वास्थ्य संबंधित सभी पैरा मीटर पर समीक्षा की गयी। साथ ही बीपीएम संदीप साहू को निर्देश दिया गया कि नये भवन में आवश्यक संसाधनों का आकलन कर बतायें ताकि गुमला उपायुक्त के संज्ञान में लाया जा सके। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने बैठक में कहा कि नये भवन में कार्य प्रारंभ करें इसका विधिवत उद्घाटन बाद में किया जायेगा। बैठक में प्रमुख जगरानी तिग्गा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा, बीपीएम संदीप साहू, बीएएम अरसद समेत स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# मुंदार नदी में बहे दो सगे भाई, गांव वालों ने बचायी एक की जान

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में 24 घंटे से लगातार हो रही बारिश के दौरान पहाड़ी नदी मुंदार में आई बाढ़ में बहे मुंदार निवासी स्वर्गीय धनु लोहरा के 25 वर्षीय पुत्र चरवा लोहरा व 28 वर्षीय मुन्ना लोहरा हालांकि गांव वालों ने डंटा व रस्सी से रेस्क्यू कर चरवा लोहरा को बचा लिया, परंतु गांव वालों के नजरों के सामने मुन्ना पहाड़ी नदी में बहता चला गया। अब तक मुन्ना की शव बरामद नहीं किया गया है। उक्त दोनों के बहने से पूर्व स्थानीय प्रशासन व मुखिया को घटना की सूचना मिली आनन-फानन में थानेदार सदानंद सिंह अपनी टीम के साथ व स्थानीय मुखिया सुशील मुंडा मौके पर पहुंचे परंतु प्रशासन व स्थानीय मुखिया के पहुंचने से पूर्व यह दोनों भाई बह चुके थे।

# चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा पुलिस ने शनिवार को एक चोरी की बाइक समेत तीन आरोपी को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेजा। जानकारी के मुताबिक गत 15 अगस्त को कामडारा मिशन चौक के पास से पोकला गेट निवासी मुन्ना सिंह का बाइक चोरी हो गयी थी। उसके बाद उन्होंने कामडारा थाने मे चोरी का एक मामला दर्ज कराया था। उक्त आशय की जानकारी कामडारा के थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने आज शनिवार को थाना परिसर मे आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया। वहीं इस मामले को लेकर कामडारा पुलिस द्वारा तुरंत एक टीम का गठन किया और चोरों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में गत 19 अगस्त को कामडारा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के तुरबूल चौक के पास से सयून डांग (21), गांव बघिया, रनियां निवासी को एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसकी निशानदेही पर कामडारा पुलिस की टीम ने उसके अन्य दो सहयोगी इलिया धान (35), रोन्हे बिनगांव, कर्रा निवासी और प्रदीप लकड़ा (20) जरियागढ़, इट्ठे पहाड़गांव निवासी को भी गिरफ्तार किया।

महत्वपूर्ण न्यूज

## मानवीय मूल्यों को जीवन में धारण कर बन सकते हैं भगवान श्रीकृष्ण के समान : नीलम



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सद्भावना भवन के जपला शाखा में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, कर्नल संजय सिंह, प्रॉफ़ेसर अजय, आलोक केसरी, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, ब्रह्माकुमारी निलम बहन, ब्रह्माकुमारी नम्रता बहन, ब्रह्माकुमार नीरज भाई आदि ने किया। इस दौरान कृष्ण व राधा के विभिन्न रूपों की झांकी निकाली गयी। मौके पर सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण कर आहार, व्यवहार, विचार का शुद्धीकरण से श्रीकृष्ण समान 16 कला संपूर्ण बनने के संकल्प के साथ जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाए। तभी भारत देश पुनः सोने की चिड़िया बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज मानव अनेक प्रकार के जाति धर्म रंगभेदग में फंसकर दुखी व अशांत है। जिस कारण सामाजिक परिस्थितियां बढ़ती जा रही है और समाज में नैतिकता का पतन हो रहा है। इसलिए हमें आवश्यकता है श्रीकृष्ण समान दिव्य गुण शक्तियां धारण करने की, क्योंकि तभी हम समाज को नई दिशा व दशा प्रदान कर सकते हैं। वहीं, पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने कहा कि जब तक दिव्य गुणों की खुशबू से नर-नारी का मन मंदिर नहीं बनेगा तब तक श्रीकृष्ण इस धरा पर कैसे आ सकते हैं। इसलिए अगर हम सचमुच श्रीकृष्ण को देखना चाहते हैं। उनके साथ रास करना चाहते हैं तो हमें स्वयं में झांकना होगा। अध्यात्म को अपनाना होगा। इस अवसर पर बीके नम्रता, बीके नीरज, बीके लल्लन, बीके रणधीर, बीके मुकेश, आनंद किशोर, रामनरेश यादव, शोभा माता, कृष्णा भाई, बीके रितिका, कुसुम माता, बीके पायल, रोहित आदि थे।

## हुसैनाबाद नपं के पार्षदों ने की आवास योजना की लंबित राशि के भुगतान की मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के वार्ड पार्षदों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित राशि के भुगतान के लिए झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग को पत्र लिखा है। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, पलामी डीसी, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, हुसैनाबाद को दिया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया है कि नगर पंचायत अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के 2016 से 2020 तक के लाभुकों का किशत अभी तक लंबित है, जबकि पिछले आठ माह से आवास के किसी भी किस्त की राशि लाभुकों के खाते में नहीं भेजी गई है। इस संबंध में लाभुक लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। लाभुक अत्यंत गरीब हैं, जो किसी भी तरह उधार लेकर अपना आवास पूरा कर लिया है। पर अब लाभुक लगातार दुकानदारों से उधार ली गई राशि के लिए प्रताड़ित हो रहे हैं। वार्ड पार्षदों ने लंबित राशि की भुगतान करने का आग्रह किया है। पत्र भेजने वालों में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद नजीर अहमद, अखिलेश यादव, सोनी देवी, राजेन्द्र पाल, मधु अग्रवाल, उमरावती देवी, सुषमा गुप्ता, अर्जुन प्रसाद, ज्ञानंजय कुमार, लालती देवी, सरिता देवी और सुनीता देवी आदि शामिल हैं।

## पुलिस ने जब्त किया अवैध बालू लदा ट्रैक्टर

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा ने अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दंगवार बाजार से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी चंदन शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर दंगवार बाजार के समीप छापामारी कर वहां से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। अग्रेतर कारवाई के लिए हुसैनाबाद थाना व जिला खनन पदाधिकारी को लिखित सूचना दे दी गई है। जिला खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी । उन्होंने बताया की खनन विभाग की ओर से 15 अक्टूबर 2022 तक बालू उठाव पर पूर्णतः रोक लगाया गया है, जिसका सख्ती से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 12 जगहों पर हो रहा सड़क मरम्मति का कार्य

# जात-पात व धर्म की राजनीति से विकास नहीं, होता है सिर्फ विनाश : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हैदरनगर/पलामू। जात-पात एवं धर्म की राजनीति से विकास नहीं सिर्फ विनाश होता है। उक्त बातें हुसैनाबाद में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि उनके पहले 10 वर्षो के दौरान जात-पात की राजनीति से क्या मिला यह जनता खुद आकलन कर सकती है। कहा कि वह शुरू से विकास की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। यही कारण है कि उनके पूर्व के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य से आज भी जनता लाभावित है। उन्होंने कहा कि उनके बाद हुए जनप्रतिनिधियों ने एक भी ग्रामीण सड़क पर एक डेली मट्टी तक नहीं डलवाया।



कार्यकर्ताओं-समर्थकों के साथ हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह।

जर्जर ग्रामीण सड़कों को वह पुनः दुरुस्त करने में जुटे हैं। उन्होंने एनसीपी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह क्षेत्र से जातपात और धर्म की राजनीति को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। हुसैनाबाद हरिहरगंज का एक-एक नागरिक एक समान है और रहेगा। हुसैनाबाद की जनता का भी उन्होंने आह्वान किया कि वह जातपात की राजनीति करने वाले लोगों को सबक सिखाएं। शादी ब्याह के लिए जातपात देखना ठीक है। विकास में सभी की समान भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जमात की राजनीति टिकाऊ होती है। जिसमें सभी का मान-सम्मान और काम होता है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 12 ग्रामीण सड़कों पर कार्य शुरू होगा। उन सड़कों पर किसी एक जात धर्म के लोग नहीं चलंगें। वह जात पात देखकर विकास का काम नहीं करते। जहां भी सड़के खराब थी इनपर काम किया जा रहा है। स्कूल कालेज या पेयजल की योजना हो यह सभी के लिए होती है इससे किसी एक जात या धर्म के लोग लाभावित नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि हुसैनाबाद से जातपात की राजनीति को मिटाकर विकास की राजनीति का माहौल खड़ा करेंगे। उन्होंने इस मुहिम से क्षेत्र के युवाओं को जुड़ने का आह्वान किया है।

## पेड़-पौधे भी होते हैं भगवान के समान : कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। छतरपुर अनुमंडल के बगैया पंचायत स्थित देवी मंदिर एवं पडवा प्रखंड के लोढ़ा देवी मंदिर परिसर में कृष्णा जन्माष्टमी पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने भगवान कृष्ण के प्रिय वृक्ष कदम समेत पांच दुर्लभ प्रजाति सिंदूर, रुद्राक्ष, कपूर, चंदन एवं पाकड़ पौधे लगाकर कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों के बीच निःशुल्क पौधा वितरित किया। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जीवन ने हर संघर्ष को उत्साह और उत्सव में बिताया था। वे 16 कलाओं से परिपूर्ण थे। जिन्होंने जीवन को रोचक, रोमांचक और ऐतिहासिक बनाने के लिए खुद ही संकट और संघर्ष को जन्म दिया था। बाद में उसका निवारण के उपाय भी भक्तों को सुझाया था। बाल योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत के बहाने परम सत्य, अकाट्य, अप्रतिम और अद्भुत और कालातीत अमर



विचार लोगों को दिया है। उन्होंने माता- पिता, सखा और सखी की अद्भुत परिभाषाएं दीं। उन्होंने देशवासियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की, ताकि सबका जीवन सुखमय और खुशमय बना रहे।

पर्यावरण धर्मगुरु ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का कदम, भगवान बुद्ध का पीपल, देवी मां का नीम और सावित्री मां को बरगद वृक्ष के नीचे ही अपने पति को दोबारा जिंदा करने में कामयाबी मिली थी। पौधे भगवान के समान होते हैं जिसे लगाने और बचाने की जिम्मेवारी समाज के सभी लोगों को लेना होगा। इस मौके पर बगैया के मुखिया पति मुन्ना चंद्रवंशी, उप मुखिया, विकास कुमार, ललन विश्वकर्मा, नरेश यादव आदि मौजूद थे।

## जमीन विवाद में दो पक्ष में मारपीट, एक दर्जन लोग घायल, थाने में प्राथमिकी दर्ज

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के घोड़बंधा गांव में जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो लोगों के बीच हुई मारपीट में दोनों पक्षों से एक दर्जन लोग घायल हो गए। प्रथम पक्ष के लालदेव राम, राजाराम, प्रदीप राम,सरीता देवी, शांति देवी,मंजू कुमारी और चंद मुखिया ग्राम घोड़बंधा आदि का नाम शामिल हैं। जबकि दूसरे पक्ष के जितेन्द्र राम, रंजन देवी, समता कुमार, उर्मिला देवी और बबीता देवी शामिल हैं, जो घोड़बंधा ग्राम की रहने वाली हैं। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। बताया जा रहा है कि जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच शुरू हुई गाली-गलौज मारपीट में तब्दील हो गई। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस बाबत हुसैनाबाद थाने में एक दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## आंनद मोटर्स में लॉन्च हुआ स्कॉर्पियो क्लासिक



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू महिंद्रा के अधिकृत विक्रेता आनंद मोटर्स में महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक लॉन्च हुई। इसकी शुरूआती कीमत 11.99 लाख रुपए है। यह नई स्कॉर्पियो-एन के साथ बेची जाएगी और दो वेरीएंट्स व पांच रंग विकल्पों में उपलब्ध है। नई महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक में 2.2 लीटर, चार सिलेंडर, एमहॉक डीजल इंजन है। इसमें छह-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स को जोड़ा गया है। बता दें, कि ऑटोमैटिक और 4गुणा 4 के विकल्प को हटा दिया गया है। इक्सटीरियर की बात करें, तो महिंद्रा स्कॉर्पियो क्लासिक में फॉग लाइट्स क्लस्टर के ऊपर नए एलईडी डीआरएल्स के साथ आगे अपडेटेड बम्पर, प्रोजेक्टर हेडलैम्प्स, छह वर्टिकल क्रोम स्लैट्स के साथ नया ग्रिल, नए 17-इंच के दोहरे-रंग के अलॉय वील्स और अपडेटेड एलईडी टेल लाइट्स मौजूद हैं। स्कॉर्पियो क्लासिक के इंटीरियर में नौ-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेन्मेंट सिस्टम, इलेक्ट्रिकली एड्जस्टेबल ओआरवीएम्स, पीछे वाइपर आदि फीचर्स दिए गए हैं।





















आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



## महत्वपूर्ण न्यूज

### गैस एजेंसी के विरुद्ध पणन अधिकारी से शिकायत



झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया के देविका इंडेन गैस कंपनी लाभुकों को उज्जवला योजना का लाभ नहीं दे रही है, जिसकी शिकायत स्थानीय आवेदकों के साथ क्षेत्र के पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने झरिया के पणन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा को दी है। शिकायतकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे उज्जवला योजना का लाभ देविका इंडेन गैस एजेंसी लाभार्थी को नहीं दे रही है। जबकि आवेदक विगत दो वर्षों से आवेदन दिया हुआ है। पूछे जाने पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। कहा जाता है कि उज्वला योजना बंद हो गया है। जबकि जिले के कई गैस एजेंसी उज्जवला योजना का लाभ अहर्ता को नियम अनुकूल दे रही है। इसलिए ऐसे एजेंसी जो सरकार की योजनाओं का तिरस्कार या अपने बातों द्वारा नकारात्मक जवाब दे रही है। वैसे एजेंसी का अनुज्ञप्ति रद्द किया जाए। ज्ञापन देने में आवेदक पिंकी देवी सीता देवी सोनम देवी सहित पिंटू मंडल बंटी बर्मन विनोद साव आदि शामिल थे।

### गोविंदपुर क्षेत्र कर्तव्य महिला समिति ने गरीबों में बांटी मछरदानी,फल व मिठाइयां



कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र दीक्षा महिला समिति के निर्देश पर कर्तव्य महिला समिति की ओर से शनिवार को आगरडीह स्थित बूढ़ा बाबा मंदिर में 50 गरीब व असहाय लोगों के बीच मच्छरदानी, फल व मिठाइयां बांटी गई। इस मौके पर महिला समिति की अध्यक्ष चित्रा साहा ने कहा कि समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। इस मौके पर यूद्दीति मुस्तफी, सुनीता विजय कुमार, सुनीता सिंह, वंदना केसरी और माला झा आदि उपस्थित थीं।

### झरिया में मनाया गया बाबा गणिनाथ गोविंद जी का 57वां वार्षिक जयंती महोत्सव



झरिया (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्यसभा की ओर से आयोजित बाबा गणिनाथ गोविंद जी के 57वां वार्षिक जयंती महोत्सव धूमधाम से बनाया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी उपस्थित थी। रागिनी सिंह ने सर्वप्रथम बाबा गणिनाथ गोविंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वहीं झरिया श्याम प्रभु धर्मशाला में आयोजित बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में फीता काट कर समारोह का उद्घाटन किया। भाजपा नेत्री ने सभी को बाबा गणिनाथ गोविंद जी के वार्षिक महोत्सव पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद गुप्ता, गणेश गुप्ता उर्फ कल्लू झुनू गुप्ता, मनीष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिबू अग्रवाल, पिंटू गुप्ता, आजाद गुप्ता, श्रवण गुप्ता, सतीश गुप्ता, मीना गुप्ता, अंबिका देवी, शारदा देवी, बेदामी देवी, अनीता गुप्ता, गणेश साव, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, गोपाल प्रसाद गुप्ता, रंजीत कुमार गुप्ता, सतीश कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, धीरज गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, महेश प्रसाद गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, राहुल सोनी के अलावा कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी विद्यालय झरिया में बालकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



झरिया (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी विद्यालय में शनिवार की दोपहर ब्रजभूमि सा नजारा दिखा। दर्जनों बालकृष्ण रूप धारी बच्चे अठखेलियां करते नजर आए। मौका था विद्यालय में आयोजित बालकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव गणेश अग्रवाल ने किया। निर्णायक मंडली में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सपना सिन्हा एवं पूर्वी मोदी, गरिमा मोदी थी। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने बालकृष्ण का मनोहारी प्रतिबंब प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मनमोह लिया। इस दौरान अभिभावकों के लिए भी बालकृष्ण से जुड़े रोचक प्रसंगों की प्रतियोगिता रखी गई थी। अभिभावकों ने भी अपनी बेहतर सहभागिता कार्यक्रम में दिखाई। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव गणेश अग्रवाल, सदस्य दिनेश शर्मा, अमित अग्रवाल, सौरव शर्मा, प्रधानाध्यापक मुक्तेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापिका सपना सिन्हा, सह प्रभारी मनोज रवानी आदि ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रेखा पोद्दार ने किया। इस मौके पर शिक्षक संजय भट्ट, संजीत जयसवाल, नागेंद्र प्रसाद, शिक्षिका माधवी वर्मा, प्रीति केसरी और मल्लिका दत्ता आदि मौजूद थीं।

### बेरमो में धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



फुसरो(बेरमो)। बेरमो कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में शुक्रवार की रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के करगली बाजार, फुसरो बाजार, मकोली, सेंट्रल कॉलोनी, सुभाष नगर, जवाहर नगर, अंगवाली, चलकरी, राम नगर, पिछरी, कल्याणी, भंडारीदह, तुपकाडीह, जैनामोड़ आदि स्थानों के मंदिरों में हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनायी गयी। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्रतधारी महिलाएं, युवतियां प्रातः पहर से ही उपवास रख देर शाम को मंदिर में जाकर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। कई मंदिरों में भी बाल गोविंद और राधा बने बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। सेंट्रल कॉलोनी, मकोली स्थित श्री कृष्ण चेतना मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। करगली बाजार शिवनारायण मंदिर सहित क्षेत्र के तमाम मंदिरों में देर शाम को पूजा अर्चना कर मंदिर में झूला लगाकर भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप को स्थापित कर महिलाओं ने झुलाया। मंदिर को फूल, गुब्बारा और इलेक्ट्रॉनिक लाइटों से सजाया गया था।

## धनबाद में मनायी गयी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की 78वीं जयंती

# राजीवा गांधी ने रखी थी आधुनिक भारत की नींव : ब्रजेंद्र सिंह

आजाद सिपाही टीम





भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**धनबाद।** धनबाद जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की 78वीं जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने की। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसियों ने स्व राजीव गांधी के तैल-चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि आधुनिक भारत के निमार्ता, सूचना क्रांति व पंचायती राज के जनक, देश के सबसे युवा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी ने अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से देश को एक मजबूत दिशा दी थी। भारत को दुनिया की उच्च तकनीकी से पूर्ण करने के साथ एकता को बनाए रखने व 21वीं सदीं के भारत निर्माण का लक्ष्य रखा था। इस मौके पर एआईसीसी सदस्य मदन महतो, मुख्तार खान, मनोज यादव, वैभव सिन्हा, प्रीतम रवानी, पप्पू कुमार तिवारी, जयप्रकाश चौहान, मनोज कुमार हाडी, भोलानाथ सिंह, प्रमोद सिंह समेत दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित थे।

दूसरी ओर, झरिया नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से अध्यक्ष अशोक बरनवाल के नेतृत्व में भारत रत्न दिवंगत राजीव गांधी की 78वीं जयंती धर्मशाला रोड स्थित पार्टी कार्यालय में मनाई गई। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि देकर सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। मौके पर उपस्थित प्रदेश प्रतिनिधि शमशेर आलम ने कहा कि देश में संचार क्रांति लाने वाले, आतंकवाद की लड़ाई में देश के लिए अपनी जान न्योछावर करने वाले प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी ही थे। उनके योगदान को हम कभी भूला नहीं सकतें। वहीं, झरिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बरनवाल ने कहा कि देश में पहली बार दूरदृष्टि वाले नेता हमें मिले थे। जिन्होंने 18वें वर्ष में युवाओं को मतदान का अधिकार दिला कर देश के लोकतंत्र को मजबूत किया था। इस मौके पर मुख्तार खान, प्रीतम रवानी, रत्नेश यादव, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, शिव शंभू प्रसाद, भोला नाथ सिंह, राकेश मिश्रा, रंजीत कुशवाहा, अमर प्रसाद, भोला हरि, मीर फिरोज आदि उपस्थित थे।

उधर, झरिया नगर कांग्रेस अनुसूचित जाति के अध्यक्ष राकेश पासवान के नेतृत्व में खास झरिया समुदाय भवन के समीप भारत रत्न राजीव गांधी की 78वीं जयंती उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष फैज अहमद रिजवी ने कहा कि दिवंगत राजीव गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर पुष्पा देवी, मनोरमा देवी, उमा चक्रवर्ती, मीना मुखर्जी, पिंटू प्रसाद, पप्पू कुमार, नमिता उरांव आदि उपस्थित थे।

## हादसे को निमंत्रण दे रहे तेलमच्चो के नये जलमीनार

**जलमिनार के एक हिस्से का मलवा गिरने से पास ही मौजूद मकान पर लगा एलबेस्टर टूटा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** तेलमच्चो पंचायत अंतर्गत एनएच-32, मेन रोड के समीप बने नये जलमीनार प्रबंधन की अनदेखी के कारण जर्जर हो रही है। शनिवार की सुबह जलमीनार के एक हिस्से का भारी-भरकम मलवा एवं लोहे का एक बड़ा टुकड़ा नजदीक बने सूरज मोदक नामक व्यक्ति के घर में गिर गया। जिससे मकान के ऊपर लगा करकट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जलमीनार के जर्जर होने से आस-पास में रहने वाले लोगों में भय का माहौल है। गौरतलब है कि सात साल पहले पीएचईडी विभाग ने लाखों रुपये खर्च कर जलमीनार बनाया था। ताकि गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। लेकिन यह सपना लोगों का सपना ही रह गया। निर्माण काल से ही जलमीनार विवाद में रहा। लोगों का कहना है कि वर्ष 2015 को इस जलापूर्ति का शिलान्यास बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने किया था। एवं इस जलापूर्ति का लाभ ग्रामीणों को 2017-2018 से मिलना शुरू हुआ। लेकिन पीएचडी विभाग के अनदेखी के कारण जलमीनार की देखरेख नहीं हो पायी। जिस कारण जलमीनार जर्जर हो रहा हैं। वो कभी भी धराशायी हो सकता है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने प्रबंधन को पत्र देकर जर्जर पानी टंकी को वहां से हटाने की मांग करने की बात कही हैं। उधर, घटना की सूचना पाकर जीप सदस्य आशा देवी, समाजसेवी सह तेलमच्चो मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, जिला परिषद प्रतिनिधि राजू महतो आदि लोग उपस्थित हुए और उक्त घटना पर विभाग के अधिकारीयों को जल्द संज्ञान लेने और पीड़ित परिवार को उचित मुवावजे दिलाने का आश्वासन दिया। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि शिबू महतो ने कहा कि इस जलमीनार के निर्माण में घोर अनियमितता बरती गई हैं। इसके संवेदक द्वारा मोटी कमाई करने के चक्कर में लुट-खसोट हुई हैं। आज एक व्यक्ति की जान जाने से बच गई हैं। इसका पूर्णरूपेण जिम्मेवार संबंधित विभाग के अधिकारी एवं टंकी निर्माण कर रहे संवेदक हैं। अधिकारीयों से इस बाबत बात करने की कोशिश की गई तो उन लोगों ने अपना फोन बंद कर दिया। अगर विभाग इस पर जल्द कोई संज्ञान नहीं लेते हैं तो ग्रामीण यहीं धरना पर बैठेंगे।

वहीं, सूरज कुमार मोदक (पीड़ित) ने कहा कि पीएचईडी विभाग के अधिकारी एवं संवेदक की अनदेखी के कारण हमारे घर में एक बड़ा हादसा होने से बच गया। पर मकान का करकट पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अगर विभाग इस पर जल्द सज्ञान नहीं लिया तो आगे कोई बड़ी दुर्घटना होने से नाकारा नहीं जा सकता हैं।

### लोयाबाद में समारोह आयोजित कर पूर्व पीएम दिवंगत राजीव गांधी को दी गयी श्रद्धांजलि



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सह कांग्रेस के गोमिया विधानसभा प्रभारी रवि चौबे के आवासीय कार्यालय में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 78 वी जयंती मनाई गई। राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने राजीव गांधी के जीवन और देश में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर चंद्र प्रमाणिक, केके पांडे, अजय कुमार यादव, हकीम खान, चांद खान, प्रदीप कुमार, बबलू पासी, संजय चौहान, रामबहादुर हरिजन, कमरुद्दीन खान, दशरथ हरिजन, रवि दास, रोशन कुमार, राकेश सिंह और गुड्डू मिश्रा आदि मौजूद थे।

### विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ 21 को करेगी कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



धनबाद (आजाद सिपाही)। यूनियन क्लब के मंथन हॉल में विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ धनबाद की ओर से शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर जिला संयोजिका नीतू तिवारी ने बताया कि 21 अगस्त को श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गिरिडीह के पूर्व सांसद विप्र सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र पांडे, प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह शामिल होंगीं। यह आयोजन धनबाद के यूनियन क्लब में होगा। प्रतियोगिता में तीन ग्रुप है, जिसमें पहले ग्रुप में 3 से 6 वर्ष, दूसरे ग्रुप में 7 से 10 वर्ष, तीसरे ग्रुप में 11 से 14 वर्ष के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रविवार को 11 बजे तक अंतिम रजिस्ट्रेशन लिया जाएगा। उसके बाद रजिस्ट्रेशन नहीं होगा। रजिस्ट्रेशन निःशुल्क होगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपनी संस्कृति से विमुख होते जा रहे बच्चे-युवा को संस्कृति से जोड़ना व जागरूक करना है। कार्यक्रम में धनबाद के कुछ नृत्य कला से जुड़े कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। इस मौके पर प्रांतीय संयोजिका अधिवक्ता सुधा मिश्रा, नीतू तिवारी, सुधा राजस्वी मिश्रा, कल्पना झा, सुभद्रा झा मौजूद थी।

## बैजनाथ महतो ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात कर बतायी क्षेत्र की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** झारखंड कोलियरी कामगार यूनियन के सीसीएल जोनल अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बैजनाथ महतो ने झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से रांची स्थित मंत्री जगरनाथ महतो के आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान बैधनाथ महतो ने मंत्री बादल पत्रलेख को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। बोकारो जिले को सुखाड़ घोषित करने का आग्रह किया। कहा कि बारिश नहीं होने के कारण किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था किसानों पर निर्भर करती है। किसानों को सुखाड़ घोषित का मुआवजा भी जल्द से जल्द दिलवाने का आग्रह किया, ताकि किसान अपने परिवार का भरण पोषण समय पर सही तरीके से कर सके। इस पर मंत्री बादल पत्रलेख ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं उसे जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। वहीं, फुसरो नप की वार्ड 18 की पार्षद सूरज देवी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आपातकालीन कार्य और पेयजल और किसी अन्य काम को करवाने के लिए किसी भी वार्ड परिषद के खाते में 20 लाख रुपये की राशि प्रति वर्ष दी जाए। ताकि आपातकाल में उसे खर्च किया जा सके।

### टेंपो पलटने से एक की मौत

धनबाद (आजाद सिपाही)। ट्रेनिंग स्कूल के समीप जीटी रोड क्रॉसिंग पर शनिवार को टेंपो पलट जाने से उस पर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक टेंपो साहेबगंज रोड होते हुए गोविंदपुर की ओर जा रहा था। क्रासिंग के समीप निरसा की ओर जा रही एक बाइक को ठोकर मारते हुए अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो के बीच वाला रड मृतक के सर पर जा गिरा जिससे उसका सर फट गया और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टेंपो पर सवार अन्य सात-आठ लोगों को मामूली चोट आई है। घटना के बाद टेंपो सवार लोग व चालक घटनास्थल से भाग गए। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त टेंपो को जब्त कर मृतक की पहचान में जुटी है।

### झरिया में घंटों बाधित रही बिजली सेवा

झरिया (आजाद सिपाही)। झरिया दो नंबर विद्युत सब स्टेशन की बिजली शुक्रवार की रात से बाधित रहने के कारण लोग काफी परेशान हुए। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण कई जगहों पर तार टूट गया था। झरिया कतरास मोड़ पर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के समर्थकों द्वारा लगाया गया पोस्टर बैनर 11000 वोल्ट के तौर पर गिर जाने के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। शनिवार को बिजली कर्मियों ने मरम्मती कर उसे ठिक किया। इस दौरान करीब आठ घंटे तक बिजली सेवा बाधित रही।

## साल 1980 में बीएसएफ प्रबंधन ने स्कूल को सशर्त दी थी 5000 वर्ग मीटर की जमीन

# बीएसएल ने अवैध जमीन पर बने चिन्मय विद्यालय को दिया तत्काल जमीन खाली करने का नोटिस

दीपेंद्र प्रभंजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** प्रमुख स्कूलों में से एक चिन्मय विद्यालय अवैध जमीन पर बना है। बीएसएल के संपदा न्यायालय ने सेक्टर-पांच स्थित चिन्मय विद्यालय को 29 अगस्त तक अतिक्रमित जमीन खाली करने का नोटिस दे दिया है। बीएसएल की टीम ने शुक्रवार को स्कूल के मेन गेट समेत अन्य जगहों पर नोटिस चिपका दिया है। संपदा न्यायालय ने कहा है कि जमीन खाली नहीं करने पर अतिक्रमण हटाने संबंधी अभियान चलाया जाएगा। इस पर आने वाला खर्च (एक लाख रुपये) भी स्कूल प्रबंधन से ही वसूल की जाएगी। जानकारी के अनुसार, चिन्मय विद्यालय प्रबंधन ने खेल मैदान की 5000 वर्ग मीटर जमीन पर लंबे समय से कथित रूप से कब्जा जमा रखा है। इस संबंध में संपदा न्यायालय की ओर से स्कूल प्रबंधन को कई बार नोटिस भेजकर जमीन खाली करने को कहा था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने आज तक जमीन खाली नहीं की है।

### 1979 में स्कूल प्रबंधन ने मांगी थी अतिरिक्त जमीन

बतातें चलें कि चिन्मय विद्यालय ने वर्ष 1979 में स्टाफ क्वार्टर बनाने के लिए बीएसएल प्रबंधन से अतिरिक्त जमीन की मांग की थी। इस पर प्रबंधन ने एक अप्रैल 1980 को स्कूल को उसके परिसर से सटे 5000 वर्ग मीटर की जमीन इस शर्त पर दी थी कि वह तीन माह के अंदर निर्माण कार्य से संबंधित डिजाइन जमा करेगा। उसके बाद दोनों पार्टी के बीच लीज एग्रीमेंट होगा, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने डिजाइन जमा नहीं किया। इस वजह से लीज एग्रीमेंट नहीं हो सका। प्रबंधन ने कई बार रिमाइंडर भेजा, लेकिन इसका कोई जवाब स्कूल प्रबंधन की ओर से नहीं दिया गया। वर्ष 2009 में स्कूल प्रबंधन को इस मामले में शोकॉज किया गया था, लेकिन उसका भी जवाब नहीं मिला। इसके बाद 22 अगस्त 2017 को अलॉटमेंट कैंसल कर दिया गया था।

### बीएसएस से जिसे भी मिली जमीन, उसी ने फैला लिये अपने पांव

चिन्मय विद्यालय तो एक उदाहरण है। दरअसल बोकारो स्टील के माध्यम से जितनी भी धार्मिक संस्थाओं को जमीन का आवंटन किया गया, उनमें से अधिकांश ने आवंटित भूमि से चार गुना अधिक जमीन पर कब्जा कर व्यवसाय के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। यही नहीं, उक्त धार्मिक संस्थाओं ने खुद बीएसएल से ली गई लीज की जमीन को थर्ड पार्टी लीज कर दिया और अलग-अलग टेंट हाउस को देकर करोड़ों रुपए सालाना कमाई कर रहे हैं । इनमें भारत सेवाश्रम, बिरसा आश्रम, साईं मंदिर आदि संस्थाएं शामिल हैं। खास बात यह है कि लीज की शर्तों का उल्लंघन करने के बावजूद इन संस्थाओं की बिजली और पानी सहित अन्य सुविधाएं निर्बाध रूप से बहाल है। भवन तोड़ने का नोटिस तो अदालत की ओर से दिया जाता है, पर इन भवनों में आपूर्ति की गई बिजली और पानी को काटने की कवायद आज तक किसी ने नहीं की, जबकि झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए वर्ष 2011 में लोक उपक्रमों की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में स्पष्ट निर्देश जारी किया था कि अतिक्रमणकारियों की बिजली और पानी काट दिया जाए।

### कतरास में हुए सड़क हादसे में एक की मौत

कतरास (आजाद सिपाही)। नावागढ़-सिनीडीह मुख्यमार्ग स्थित महेशपुर न्यूक्वार्टर के समीप शुक्रवार की रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान शंकर नोनिया (35) के रूप में हुई है। वह टुंडू पंचायत के मंझलीटांड का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक पेशे से साउंड एवं लाईट का कारोबारी शंकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खरखरी शिव मंदिर में साउंड लाईट लगाने गया था। देर रात अपनी बाइक से घर लौटने के क्रम में नावागढ़ से सिनीडीह के मुख्य मार्ग में स्थित महेशपुर न्यू क्वार्टर के समीप अचानक उनकी बाइक के सामने मवेशी आ गया, जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पोल में जा टकराया। इस घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। इसी बीच मौके पर मधुबन पुलिस की गश्ती टीम पहुंची और उसे कतरास अस्पताल भेजा। जहां से बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



# वेदांता की शुभलक्ष्मी को-ऑपरेटिव ने बांटा तिरंगा

## हर घर तिरंगे अभियान के लिए दिये 4000 तिरंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झारसुगुडा।** 20 अगस्त 2022 शुभलक्ष्मी को ऑपरेटिव के सदस्य भारत की सबसे बड़ी ग्रामीण महिला को ऑपरेटिव समितियों में से एक वेदांता एल्युमिनियम द्वारा समर्थित भारत के सबसे बड़े एल्यूमीनियम उत्पादक ने प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा के स्पष्ट आह्वान का जवाब दिया। जनता के लिये 4000 राष्ट्रीय ध्वज। वेदांता एल्युमिनियम के झारसुगुड़ा संयंत्र के कर्मचारियों ने स्वेच्छा से इन झंडों को हजारों घरों और दुकानों में वितरित किया, ताकि वे आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकें। सुभलक्ष्मी को सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों में तिरंगे सिले गये थे, जो ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के वैकल्पिक रास्ते बनाने और उनके सामाजिक आर्थिक विकास को उत्प्रेरित करने के लिए सिलाई कौशल के साथ सक्षम करने के लिये स्थापित किये गये थे। सुभलक्ष्मी को.ऑपरेटिव झारसुगुडा में वेदांता एल्युमिनियम की प्रमुख सामुदायिक विकास पहलए स्थायी आजीविका और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करती है। 2008 में 10 सदस्यों से इसमें आज 4100 से अधिक महिला सदस्य हैं। जीरो हंगर और लैंगिक समानता के सतत विकास लक्ष्यों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण। वेदांता एल्युमीनियम के सामुदायिक प्रयासों के बारे में बताते हुए सुनील गुप्ता, सीइओ वेदांत लिमिटेड झारसुगुडा ने कहाए शहर में अपने देश की आजादी के 75 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाने के लिए सुभलक्ष्मी को.ऑपरेटिव की महिलाओं के साथ साझेदारी कर-के खुशी हो रही है। झारसुगुड़ा के हजारों घरों में इन

### प्रगति में समान रूप से प्रतिबद्ध भागीदार है



वेदांता झारसुगुड़ा, दुनिया के सबसे बड़े एल्युमीनियम स्मेल्टरों में से एक, भारत की आत्मनिर्भर भारत की यात्रा में एक गौरवपूर्ण योगदानकर्ता और हमारे स्थानीय समुदायों की प्रगति में समान रूप से प्रतिबद्ध भागीदार है। सुभलक्ष्मी को.ऑपरेटिव इस बात का एक चमकदार उदाहरण है कि आम अच्छे के लिए एक साथ आने पर कॉरपोरेट और सामुदायिक भागीदारी क्या हासिल कर सकती है। सरस्वती मेहर दर्जी और सुभलक्ष्मी को.ऑपरेटिव की सदस्य जो इस पहल का एक अभिन्न हिस्सा थीं ने कहा शहर घर तिरंगा अभियान से व्यक्तिगत रूप से जुड़ना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। भारत के हर घर में अपने राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए देखने के लिए प्रधान मंत्री के आह्वान को सुनकर, सिलाई व्यवसाय में हम में से कई एक सप्ताह के अंतराल में 4000 भारतीय झंडे सिलने के लिये एक साथ आये। यह देखकर खुशी हुई कि हमारी कड़ी मेहनत के परिणाम हमारे समुदाय के समारोहों में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। हमारे देश की आजादी के 75 साल मनाने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है।

# विदेशी छात्रों के लिए स्नातक समारोह आयोजित

**2019-22 पास आउट बैच से संबंधित छात्र युगांडा, सीरिया और श्रीलंका के थे, जो प्रबंधन विज्ञान, इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी में पाठ्यक्रम कर रहे थे।**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी परिसर में विभिन्न पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों को शुक्रवार को आयोजित एक स्नातक समारोह में उनके प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। 2019-22 पास आउट बैच से संबंधित छात्र युगांडा, सीरिया और श्रीलंका के थे, जो प्रबंधन विज्ञान, इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी में पाठ्यक्रम कर रहे थे। विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो (डॉ.) प्रदीप्त कुमार नंद ने छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। उनके साथ प्रो. डॉ. अनूप सामंतराय प्रबंधन विज्ञान संकाय के डीन, प्रो. (डॉ.) सुदाम चरण सी औषधि विज्ञान संकाय के डीन, प्रो. (डॉ.) संघमित्रा नायक जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख, प्रो. ज्योति रंजन दास डीन (छात्र कल्याण) और प्रो. नचिकेता के शर्मा विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय संबंध और एडमिशन निदेशक इस अवसर पर उपस्थित थे।

# मुंबई में 26/11 जैसे हमले की साजिश

**मुंबई (आजाद सिपाही)।** मायानगरी मुंबई को एक बार फिर से दहलाने की साजिश रची जा रही है। इस संबंध में मुंबई पुलिस के व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा मैसेज आया है। इस मैसेज में कहा गया है कि मुंबई को उड़ाने की पूरी तैयारी है। कभी भी हमला किया जा सकता है। धमकी देने वाले ने कहा है कि यह हमला 26/11 हमले जैसा होगा। इस मैसेज के बाद मुंबई पुलिस अलर्ट मोड में आ गयी है। कहा गया है कि मैसेज भेजने वाले की पड़ताल की जा रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह मैसेज पाकिस्तान के नंबर से आया है। मैसेज में कहा गया है कि मेरी जांच करोगे तो लोकेशन पाकिस्तान दिखाएगी, लेकिन धमाका मुंबई में होगा। धमकी देने वाले ने मैसेज में लिखा है कि भारत में इस हमले को छह लोग अंजाम देंगे।

# नालको एस एंड पी कांप्लेक्स में पहुंचा अहिंसा रथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** स्वतंत्रता के 75 वें वर्ष के अवसर पर सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए ओडिशा के अहिंसा रथ आज अंगुल के नालको एस एंड पी कांप्लेक्स मैं पहुंचा। नालको के सीएमडी श्रीधर पात्र ने एस एंड पी कांप्लेक्स के वरिष्ठ अधिकारियों और एसवीएम स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के साथ देशभक्ति गीतों और उत्साह के बीच रथ का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि अहिंसा का रथ शांति और अहिंसा का संदेश जागृत करने के लिए ओडिशा के सभी जिलों का दौरा कर रहा है।


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नौसाद अंसारी
जिला अध्यक्ष
मोमिन कॉन्फ्रेंस कोडरमा
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनील यादव
मुखिया
महुंगाय पंचायत
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बैजंती देवी
मुखिया
नावाडीह 1 पंचायत
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

महाबीर प्रसाद वर्मा
निदेशक
भारती उच्च विद्यालय
नावाडीह 1 मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनील कुमार
डीएन उच्च विद्यालय
जामु रोड, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गौतम कुमार
ग्रामीण चिकित्सक
मरकच्चो, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अरविन्द पांडेय
निदेशक
रिलाइबल पब्लिक स्कूल
हॉस्पिटल रोड, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पंकज कुमार
प्रभारी प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जगदीशपुर
मरकच्चो सह एनसीसी ऑफिसर
(T.O.) 45 Jh Bn NCC कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पूनम कुमारी
मुखिया
आदर्श ग्राम चोपनाडीह
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुनीता देवी
मुखिया
सिमरिया पंचायत
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चिंता देवी
मुखिया
पपलो पंचायत
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नागेश्वर ठाकुर
प्रधानाध्यापक
आदर्श मध्य विद्यालय
मरकच्चो, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बेदु साव
भाजपा नेता सह प्रखंड मुखिया
संघ अध्यक्ष सह मुखिया
देबीपुर पंचायत मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रमेश कुमार सिंह
विकास फ्यूल जंक्सन
बरियारडीह रोड
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नीता कुमारी
मुखिया
जामु पंचायत, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुमित साव
थाना प्रभारी
मरकच्चो, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रीता देवी
जिप सदस्य
मरकच्चो दक्षिणी
कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ आर के राज
राज क्लिनिक
नावाडीह, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विकास कुमार मोदी
प्रीति मेडिकल हॉल
बरियारडीह, मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

दीपक कुमार पांडेय
अधिवक्ता सह मुखिया
दक्षिणी पंचायत
मरकच्चो, कोडरमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शोभा देवी
मुखिया
डगरनवा पंचायत
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रंजीत कुमार सिंह
मुखिया
उत्तरी पंचायत
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विजय कुमार सिंह
प्रखंड प्रमुख
मरकच्चो

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

विजय यादव
भाजपा मंडल अध्यक्ष
मरकच्चो


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**